हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 119, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 28 अक्टूबर, 2023 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

साल 2014 से पहले सरकार ही हैंग मोड में थी

पीएम मोदी बोले- लोग समझ गए अब रीस्टार्ट से कुछ नहीं होगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली के दिल्ली के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 7वें संस्करण का उद्घाटन किया। इस दौरान रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने प्रधानमंत्री को दूरसंचार के क्षेत्र में उनकी कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। बता दें कि इस कार्यक्रम में इनोवेशन और तकनीक से जुड़े कई अपडेट पेश किए जाएंगे। इससे जुड़ी कंपनियां अपने भविष्य की योजनाओं की भी यहां घोषणा करेंगी।

पीएम मोदी बोले- अब 2जी स्कैम के दिन गए- इंडिया मोबाइल कांग्रेस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा हम न केवल देश में 5जी का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि 6जी तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। पीएम ने कहा कि हर कोई जानता है कि 2जी(स्पेक्ट्रम आवंटन) के दौरान क्या हुआ था, लेकिन हमारी सरकार के दौरान हम पर कोई दाग नहीं लगा। मुझे विश्वास है कि भारत 6जी तकनीक में दुनिया का नेतृत्व करेगा। पीएम ने

आगे कि पहले 2014 तक फोन के साथ सरकारें भी हैंग कर जाती थीं, इसलिए लोग भी समझ गए थे कि अब रीचार्ज या रीस्टार्ट से कुछ नहीं होगा। इसलिए उन्होंने सब बदल दिया।

पीएम मोदी के नेतृत्व में बदला दूरसंचार क्षेत्र- इस बीच केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह पीएम मोदी का दृष्टिकोण है कि प्रौद्योगिकी लोकतांत्रिक और जन-केंद्रित हो और समाज के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। मंत्री ने कहा कि पीएम के इस दृष्टिकोण से दूरसंचार क्षेत्र में काफी बदलाव आए हैं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह पीएम मोदी का दृष्टिकोण ही है कि पूरे टेलीकॉम सेक्टर को बदल दिया है। टेलीकॉम सेक्टर की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है और यह पीएम मोदी के नौ साल के प्रयासों का नतीजा है।

नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर में मिली सजा पर बिफरा विपक्ष, थरूर बोले- रहस्य और अस्पष्टता का मामला

नई दिल्ली। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को कतार में आठ भारतीय नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई जाने पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरा मामला रहस्य और अस्पष्टता में डूबा हुआ है। गुरुवार को कतार की एक अदालत ने आठ भारतीय नौसेना के जवानों को मौत की सजा सुनाई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा, 'कतार द्वारा भारतीय नौसेना के आठ जवानों को मौत की सजा देना आश्चर्यजनक है। पूरे मामले का विवरण रहस्य और अस्पष्टता में डूबा हुआ है।' उन्होंने रक्षा मंत्रालय और प्रधानमंत्री द्वारा इस मुद्दे पर तुरंत महत्वपूर्ण कदम उठाने पर विश्वास जताया है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, 'विश्वास है कि रक्षा मंत्रालय और प्रधानमंत्री कतर सरकार के साथ इस मुद्दे पर बात करेगी और नौसेना के जवानों के घर वापसी के लिए तुरंत कार्रवाई करेगी।'

आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले विधेयकों के ड्राफ्ट को नहीं मिली मंजूरी

नई दिल्ली। आपराधिक कानूनों की जगह लेने के लिए लाए गए तीन विधेयकों के ड्राफ्ट को संसदीय समिति ने मंजूर नहीं किया है। दरअसल कुछ विपक्षी सांसदों ने मांग की है कि उन्हें इन विधेयकों का अध्ययन करने के लिए अभी और समय चाहिए। जिसके बाद शुक्रवार की बैठक में विधेयकों के ड्राफ्ट को मंजूरी नहीं मिल पाई। अब संसदीय समिति की अगली बैठक 6 नवंबर को होगी, जिसमें इन विधेयकों के ड्राफ्ट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। बता दें कि संसदीय समिति इन विधेयकों के ड्राफ्ट की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, संसदीय समिति में शामिल विपक्षी सांसद पी चिदंबरम ने कमेटी के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृज लाल को एक पत्र लिखा है, जिसमें अपना मत देने और विधेयकों के अध्ययन के लिए और समय देने की मांग की गई है। औपनिवेशिक काल के तीन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन विधेयक बीते मानसून सत्र के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में पेश किए थे। इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, द कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम पेश किया गया है।

बदलेंगे अंग्रेजों के जमाने के कानून : आईपीसी, सीआरपीसी व एविडेंस एक्ट की जगह नए विधेयक जल्द होंगे पारित : शाह

हैदराबाद। हैदराबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भारतीय पुलिस सेवा (IPS) प्रोबेशनर्स के 75वें बैच की पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता (IPC), CrPC और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन नए विधेयक जल्द ही संसद द्वारा पारित किए जाएंगे। यहां सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में आईपीएस कैडेटों की पासिंग आउट परेड में बोलते हुए, शाह ने कहा कि भारत ब्रिटिश शासन के दौरान बनाए गए कानूनों को खत्म कर रहा है और नए आत्मविश्वास और नई आशाओं के साथ एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। अमित शाह ने कहा, "गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति तीन नए विधेयकों की

जांच कर रही है और उन्हें जल्द ही पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य लोगों के अधिकारों की रक्षा करना है। यह देखते हुए कि महिला आईपीएस कैडेटों की संख्या बढ़ रही है, शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश महिला नेतृत्व वाले विकास में आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि ये तीन विधेयक संसद के मानसून सत्र में पेश किए गए थे। गृह मंत्री अमित शाह ने इन विधेयकों को व्यापक परामर्श और चर्चा के लिए स्थायी समिति के पास भेजने का आग्रह किया था। समिति को अगस्त महीने में तीनों विधेयकों का अध्ययन करने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था।

सरदार सरोवर बांध से नर्मदा में पानी छोड़ने का मामला, अदालत ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सरदार सरोवर बांध से नर्मदा नदी में पानी छोड़े जाने के मामले में केंद्र सरकार से जानकारी मांगी है। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को यह सूचित करने का निर्देश दिया कि क्या सरदार सरोवर बांध से नर्मदा नदी के निचले इलाकों में पर्याप्त पानी छोड़ने का मुद्दा नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण को भेजा गया है। अदालत ने कहा कि मामले की सुनवाई 12 जनवरी 2024 को होगी। शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से चार सप्ताह के भीतर मामले की जानकारी देने को कहा। पीठ ने कहा, "प्रतिवादी के वकील ने यह निर्देश देने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है कि क्या मामला नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण को भेजा गया था।" कोर्ट ने पूछा कि अगर नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण को मामला सौंपा गया है तो इसका परिणाम क्या होगा। शीर्ष अदालत नर्मदा प्रदूषण निवारण समिति और गुजरात के भरूच नागरिक परिषद की तरफ से दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी।

निराश लोगों में देश की पहचान 'भारत' करने पर विवाद पैदा करने की मची होड़ : प्रधान

अहमदाबाद। भारत बनाम इंडिया का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ समय पहले जी20 के दौरान भारत सरकार द्वारा जब इंडिया का नाम भारत किया गया तो ये मुद्दा और तेज हो गया। इसके बाद से ही देश के नाम को बदलने की भी अटकलें तेज हो गईं थी। वहीं, अब एक बार फिर से NCERT की किताबों (Bharat In NCERT Books) में इंडिया की जगह भारत नाम लिखने का फैसला आने के बाद से ये मुद्दा उठ गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को कहा कि कुछ "निराश लोग" देश की पहचान "भारत" करने को लेकर विवाद पैदा करने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र प्रधान गुजरात के नर्मदा जिले में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास टेंट सिटी में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन पर पश्चिमी क्षेत्र के कुलपतियों के सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र में गणमान्य व्यक्तियों को

संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में प्रधान ने कहा, पिछले कुछ समय से इस बात पर विवाद चल रहा है कि हमारे देश को 'इंडिया' या 'भारत' के नाम से जाना जाना चाहिए। लेकिन फर्क क्या है? मेरा मानना है कि इंडिया और भारत में कोई अंतर नहीं है। भारत हमारे देश का नाम है। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया नाम उन लोगों द्वारा दिया गया था जो औपनिवेशिक काल के दौरान अंग्रेजी साहित्य पढ़ते थे। प्रधान ने कहा, हमारे संविधान ने इंडिया और भारत दोनों को समान महत्व दिया है और भारत एक भारतीय नाम है, एक मूल नाम है। यह हमारी सभ्यता का प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन, कुछ निराश लोगों के मन में इसे लेकर विवाद खड़ा करने की होड़ चल रही है। उनकी यह टिप्पणी कई विपक्षी दलों के नेताओं के विरोध के एक दिन बाद आई है जिसमें विपक्षी नेताओं ने कहा था कि NCERT पैनल ने स्कूली पाठ्यपुस्तकों में "इंडिया" की जगह "भारत" की सिफारिश की और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा इतिहास बदलना चाहती है और विपक्षी गुट इंडिया के हाथों अपनी हार के डर से ऐसे हताश कदम उठा रही है।

मिर्जापुर में बस हादसा: ददरी बांध के पास पलटी यात्रियों से भरी बस, पांच लोगों की मौत; 30 घायल

मिर्जापुर। मिर्जापुर से एक बस हादसे की खबर है। संतनगर थाना क्षेत्र के ददरी बांध के पास हालिया जा रही बस पलट गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत और 30 यात्रियों के घायल होने की सूचना है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। संत नगर थाना क्षेत्र के ददरी बांध के पास सवारियों को लेकर जा रही प्राइवेट बस पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 30 यात्री घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले गई। गम्भीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिजार्पुर रेफर किया गया। मिजार्पुर से शिवराज नाम की बस हलिया के कुशियरा तक जाती है। रास्ते में मड़िहान व संतनगर क्षेत्र पड़ता है। शुक्रवार की सुबह लगभग 30 से 35 सवारियों को लेकर बस हलिया जा रही थी। रास्ते में संत नगर थाना क्षेत्र के ददरी बांध के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटने से यात्री दब गए। चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर यात्रियों को बाहर निकाला। पांच यात्रियों की दबकर मौके पर मौत हो गई। 30 यात्री घायल हो गए है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लालगंज व पीएचसी हलिया भेजा। लालगंज सीएचसी में

ममता (22) निवासी बढ़ौना महुलार थाना लालगंज, ममता का एक वर्षीय पुत्र अभिषेक, मनीता (24) पुत्र तिलई मतवार हलिया, सत्य नारायण यादव (40) और एक आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई। 10 घायलों को उपचार में लिए ट्रामा सेंटर मिजार्पुर भेजा गया। 15 घायलों का हलिया पीएचसी में उपचार कराया जा रहा है।

ओल्ड पेंशन, फ्री लैपटॉप समेत चिरंजीवी आपदा बीमा का वादा, अशोक गहलोत ने की घोषणा

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 की जंग में फतह करने के लिए पार्टी का घोषणा पत्र काफी अहम है। इसी कड़ी में आज प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम अशोक गहलोत शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे कांग्रेस वार रूम में प्रेस कांफ्रेंस कर विधानसभा चुनावों के लिए अपनी 5 बड़ी गारंटी लॉन्च करने की घोषणा की है। अशोक गहलोत की इस लिस्ट में पहली गारंटी ओल्ड पेंशन स्कीम होगी। बता दें कि 2022 में गहलोत ने राजस्थान में न्यू पेंशन स्कीम की जगह ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू की थी। ऐसा करने वाला यह देश का पहला राज्य था। अब गहलोत गारंटी देंगे कि उनकी सरकार आती है तो ओपीएस जारी रखेंगे। दूसरी गांरटी फ्री लैपटॉप की है। हालांकि फ्री लैपटॉप की घोषणा गहलोत सरकार के इस कार्यकाल के बजट का हिस्सा थी। लेकिन यह योजना कागजों से आगे नहीं बढ़ी। अब

गहलोत गारंटी देंगे कि सरकार आई तो सरकारी कॉलेज के छात्रों को फ्री लैपटॉप देंगे। तीसरी गौ धन पशु गारंटी है। यह गारंटी छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार लॉन्च कर चुकी है। अब गहलोत सरकार भी गांवों में पशुओं का गौबर और गौ मूत्र खरीदने की गारंटी भी देगी। इसी कड़ी में चौथा अंग्रेजी मीडियम स्कूल की गारंटी है। बता दें कि गहलोत सरकार ने प्रदेश भर में अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोलने की योजना लॉन्च की थी। अब इसे आगे बढ़ाकर पंचायत स्तर पर लागू करने की गारंटी देंगे गहलोत। पांचवी चिरंजीवी आपदा राहत है। बता दें कि गहलोत सरकार ने इस कार्यकाल में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लॉन्च की थी। इसमें प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जाता है। अब गहलोत इस योजना को आगे बढ़ाकर इसे आपदा राहत तक बढ़ाएंगे। आज राजस्थान में गारंटी का नाम कांग्रेस है, तरक्की का नाम कांग्रेस है, भरोसे का नाम कांग्रेस है। हर परिवार को पैसा मिलना चाहिए।

आजम खां के जेल जाने के बाद करीबियों पर मुसीबत आयकर विभाग की टीम का ठेकेदारों के घर पर छापा

रामपुर। आयकर विभाग के निशाने पर फिर से सपा नेता आजम खां आ गए हैं। आयकर विभाग की टीम ने शुक्रवार की सुबह शहर में सपा नेता के करीबी ठेकेदारों के करीब आधा दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। इस दौरान हड़कंप मच गया। टीम लगातार लोगों से पूछताछ करने में जुटी है। आयकर विभाग के निशाने पर सपा नेता आजम खां काफी समय से हैं। पिछले माह विभाग की टीम ने सपा नेता आजम खां और चमरौवा के सपा विधायक नसीर अहमद के यहां कार्रवाई की थी। करीब साठ घंटे की छापेमारी के बाद टीम वापस चली गई थी। इसके बाद आयकर विभाग की टीम ने जौहर यूनिवर्सिटी को खंगाला था। अब आयकर विभाग के निशाने पर सपा नेता के करीबी ठेकेदार निशाने पर आ गए हैं। शुक्रवार की सुबह आयकर विभाग की छह टीमों ने शहर में ठेकेदारों के यहां छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की टीम ने शहर कोतवाली क्षेत्र के माला रोड स्थित सपा नेता के करीबी ठेकेदार फरहत अली खां के यहां कार्रवाई की। टीम सुबह से ही जांच पड़ताल कर रही है। इसके अलावा गंज थाना क्षेत्र के

घेर नज्जू खां में भी दो ठेकेदारों के यहां छापेमारी की गई है। इसी तरह टीम ने शहर के अन्य तीन स्थानों पर छापेमारी की है। टीम लगातार जांच पड़ताल कर रही है। यह ठेकेदार पिछले काफी समय से निशाने पर हैं। इन ठेकेदारों ने गांधी समाधि, शहर के चार गेटों के साथ ही मुख्य भवनों के निर्माण कराए हैं।

भाजपा की मांग- लालू ने खुद बताया कि जेल से कॉल करते थे, उन्हें उतने समय फिर जेल भेजा जाए

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा जेल से कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से बातचीत और राजद विधायक द्वारा मां दुर्गा पर दिए गए बयान के बाद बिहार में सियासत गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता लगातार राजद पर हमला बोल रही है। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और विधायक फतेहबहादुर सिंह सिंह पर जमकर निशाना साधा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजद के लोग जिस तरह की भाषा का उपयोग कर रहे हैं और सनातन के संतानों की आस्था पर चोट कर रहे हैं। अपमानित कर रहे हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि मां भारती के संतान के खिलाफ जिस तरह की भाषा का प्रयोग करके अपमानित किया जा रहा है। यह लोग तुष्टिकरण का खेल खेलना चाह रहे हैं। यह दुखद है। ऐसी मानसिकता वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिए। ऐसे लोग यह स्पष्ट करें कि अगर आपको सनातन और सनातन के ग्रंथों और महापुरुषों में आपको आस्था है कि नहीं, यह स्पष्ट करें। विजय सिन्हा ने कहा कि लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव क्लियर करें कि सनातन में आप लोगों को आस्था है या नहीं? दोहरे चरित्र और दोहरी भाषा बोलकर तुष्टिकरण की राजनीति करके सामाज को तोड़ने की कोशिश न करें। इधर, लालू प्रसाद द्वारा जेल से सोनिया गांधी को फोन

करने के सवाल पर विजय सिन्हा ने कहा कि लालू यादव राजनीति के सबसे कलंकित पुरुष के रूप में गिने जाते हैं। गरीबों का खजाना लूटने का काम उन्होंने किया गया है। जिस श्री बाबू के बारे में वह बात कर रहे थे, उन्होंने देश में बिहार का नाम बढ़ाया। उन्होंने सामाजिक समरसता को जोड़ने का काम किया था। अगड़ा-पिछड़ा और दलितों को एकसूत्र में बांधने का काम किया। बिहार में उद्योग को बढ़ावा दिया। किसानों के खेतों का नहर का जाल बिछाया था। और, लालू यादव जब आए तो उद्योग-धंधे बंद हो गए। अपहरण का उद्योग चालू हो गया। किसान के खेत में पानी पहुंचने के जगह बिजली का तार गायब हो गया। वह कल कथा कर रहे थे कि श्री बाबू के लोग नहीं आते हैं। अरे, आपने श्री बाबू के वंशजों का नरसंहार करवाकर उन्हें सबसे ज्यादा दुखी किया। विजय सिन्हा ने कहा लालू यादव ने कभी जेल मेनुअल का पालन नहीं किया। फोन से सोनिया गांधी से बात करते थे। माननीय न्यायालय ने एक भ्रष्टाचारी को जेल में सुधरने के लिए सजा दी थी। लेकिन, वह जेल में अय्याशी कर रहे थे। वह जेल मेनुअल को तोड़कर सुख-सुविधा प्राप्त कर रहे थे। इसलिए जितना दिन जेल में बिताया, उतनी सजा फिर से उन्हें मिले। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अपराधियों का मनोबल बढ़ता जाएगा। इसलिए लालू यादव के खुद के बयान पर न्यायालय खुद से एक्शन लें ताकि अपराधियों को कड़ा मैसेज मिल सके।

मराठा आरक्षण देने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग, जारांगे का सरकार पर बड़ा आरोप

मुंबई। मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार मराठा समुदाय को कोटा देने के लिए विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुला सकती है। मनोज जारांगे कोटा की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे हैं और शुक्रवार को उनकी भूख हड़ताल का तीसरा दिन है। जारांगे ने सरकार पर ये भी आरोप लगाया कि अगर सरकार कोटा देने के लिए गठित की गई समिति का कार्यकाल बढ़ाती है तो इसका मतलब है कि वह कोटा नहीं देने की साजिश कर रही है। मनोज जारांगे महाराष्ट्र के जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली साराती में भूख हड़ताल कर रहे हैं। वहीं पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मनोज जारांगे ने समुदाय को कोटा देने के लिए विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हमने सरकार को 40 दिन का समय दिया था और साथ ही मराठा कोटा पर अपना पक्ष रखते हुए कई जरूरी सबूत भी सरकार को दिए थे। अब अगर सरकार इस दिशा में काम कर रही समिति के कार्यकाल को विस्तार देने का फैसला करती है तो इसका मतलब होगा कि सरकार मराठाओं को कोटा ना देने की साजिश रच रही है। जारांगे ने विपक्षी और सत्ताधारी नेताओं से अपील की है कि वह उनसे मिलने उनके गांव ना आएं और अपने घरों पर रहें। जारांगे ने कहा कि नेताओं के आने से कानून व्यवस्था बिगड़ती है इससे अच्छा है कि वह अपनी-अपनी विधानसभाओं में मराठाओं को आरक्षण देने के लिए आवाज बुलंद करें। जारांगे ने सीएम शिंदे के दिल्ली दौरे पर तंज कसा और आरोप लगाया कि राज्य के प्रमुख नेताओं ने पीएम मोदी को महाराष्ट्र में आरक्षण के लिए हो रहे आंदोलन की जानकारी ही नहीं दी थी। उल्लेखनीय है कि जारांगे ने सितंबर में भी मराठा आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल की थी। यह विरोध प्रदर्शन 29 अगस्त को शुरू हुआ था और 14 सितंबर को सीएम शिंदे से मुलाकात के बाद खत्म हो गया था।

संपादकीय

सरकार भूजल दोहन को रोकने के लिए व्यावहारिक और स्थायी समाधान करे

भूजल के अतार्किक दोहन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इस पर समय रहते रोक लगाने के सुझाव भी दिए जाते रहे हैं। मगर हकीकत यह है कि इस दिशा में अभी तक कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाया जा सका है या जो कदम उठाए भी गए वे कारगर साबित नहीं हो पाए हैं। इसी का परिणाम है कि अनेक क्षेत्रों में भूजल का स्तर तेजी से घटा और खतरनाक बिंदु के पार पहुंच गया है। सिंधु और गंगा के इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु को पार कर चुका है। अब संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 2025 तक उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भूजल का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। यह क्षेत्र देश के खाद्यान्न का बड़ा हिस्सा पैदा करता है। इसमें हरियाणा और पंजाब धान और गेहूं का सर्वाधिक उत्पादन करते हैं। जाहिर है, इन इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु से नीचे चला जाएगा, तो खाद्यान्न उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होगा। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय- पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित ह्यअंतरसंबद्ध आपदा जोखिम रिपोर्ट 2023ह्ल में कहा गया है कि पंजाब के अठहत्तर फीसद कुएं अतिदोहन का शिकार हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण यह चुनौती और विकट होने की आशंका है। हालांकि नलकूपों के जरिए भूजल के दोहन पर लगाम लगाने के लिए कई जगहों पर कुछ सख्त कदम भी उठाए गए हैं। खासकर पंजाब और हरियाणा में सरकारें किसानों से लगातार अपील करती रही हैं कि वे मौसम से पहले धान की खेती न करें, भूजल का दोहन कम करें। इसके लिए दंड का भी प्रावधान किया गया। मगर जब उसका असर नजर नहीं आया तो समय से पहले धान की खेती न करने वाले यानी भूजल का दोहन रोकने में मदद करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की गई। हालांकि जिस तरह इन इलाकों में भूजल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है, उसमें ये कदम बहुत प्रभावी साबित नहीं हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार सत्तर फीसद भूजल का इस्तेमाल खेती के लिए किया जाता है। ऐसे में खेती-किसानी के तरीके बदलने पर भी जोर दिया जाता रहा है, जिसमें सिंचाई के लिए कम पानी की खपत हो सके। जीन प्रसंस्कृत बीजों वाली फसलों को अधिक पानी की जरूरत होती है, इसलिए अब जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मगर अधिक उत्पादन के लोभ में किसान जीन प्रसंस्कृत बीजों का मोह त्याग नहीं पा रहे। जलवायु परिवर्तन की वजह से अनेक इलाके सूखे का सामना कर रहे हैं, तो कई इलाकों में अतिवृष्टि देखी जा रही है, जिससे जल संचय के पारंपरिक तरीके विफल साबित हो रहे हैं। इस तरह जमीन से जितना पानी खींचा जा रहा है, उतना नीचे नहीं पहुंचाया जा पा रहा। भूजल का स्तर जोखिम वाले बिंदु के नीचे पहुंच रहा है। हालांकि खेती के अलावा भी बहुत सारी औद्योगिक इकाइयों में भूजल का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। उन पर भी काबू करने की मांग उठती रही है। दरअसल, सूखे के समय भूजल बहुत उपयोगी संसाधन साबित होता है। इसलिए जलवायु परिवर्तन की वजह से सूखे के बढ़ते संकट में भूजल के स्तर को बचाने की जरूरत ज्यादा महसूस की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के मद्देनजर एक बार फिर सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे भूजल के अतार्किक दोहन को रोकने के लिए व्यावहारिक और स्थायी उपाय निकालें।

है हमको फंसाया !

है और रहेगा ।
अपना ये संघर्ष ।।
भले लगे आरोप। ।
है फिर भी उत्कर्ष ।।
है हमको फंसाया ।
और हुआ उपयोग ।।
फिर भी अपने लोगों का ।
है पूरा सहयोग ।।
हैं हम पाक साफ ।
कागज है दिखाया ।।
रह गए यदि अंदर ।
उनका भी सफाया ।।
ना किया कुछ गड़बड़ ।
फिर भी लगी लगाम ।।
चला जो लंबा खेल ।
लूंगा और नाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

जाति के जंजाल से आखिर क्यों बाहर नहीं निकलना चाहता भारतीय समाज?

राकेश सैन

यह संयोग ही है कि जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तभी जातीय जनगणना के नाम पर जातिवादी राजनीति तेज हो गई है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ये जाति आखिर क्यों नहीं जाती? इसको लेकर हमारे स्वाधीनता सेनानी क्या सोचते थे। स्वाधीन भारत की पहली जनगणना 1951 में हुई। इससे पहले देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 1950 में स्पष्ट कहा था कि जातियों की गिनती नहीं होने जा रही है और भविष्य में कभी जातिगत जनगणना नहीं होगी। उनके बाद एचएम पटेल, वाईबी चव्हाण और ज्ञानी जैल सिंह केंद्रीय गृहमंत्री बने। बिहार के नेता बीपी मंडल ने इन तीनों गृह मंत्रियों को जातियों की गणना कराने की मांग करते हुए पत्र लिखे थे, पर किसी ने पटेल के निर्णय को पलटना उचित नहीं समझा। इसी संदर्भ में महात्मा गांधी के उस लेख का जिक्र किया जा सकता है, जो 'यंग इंडिया' के 1 मई, 1930 के अंक में छपा था। इसमें गांधी जी ने लिखा है, 'मेरे, हमारे, अपनों के स्वराज में जाति और धर्म के आधार पर भेद का कोई स्थान नहीं हो सकता। स्वराज सबके लिए, सबके कल्याण के लिए होगा।'

बापू की इस भावना का संविधान सभा ने भी ध्यान रखा। लेकिन आजादी के बाद जैसे-जैसे जातीय गोलबंदी की राजनीति तेज हुई, बापू के इन शब्दों का प्रभाव कम होने लगा। हर जाति अपने-अपने खांचे में और मजबूत होने का राजनीतिक ख्वाब देखने लगी। जातीय गोलबंदी की राजनीति को जाति आधारित जनगणना में अपनी राह दिखने लगी। आश्चर्य नहीं कि पिछड़े वर्गों की स्थिति पर 1980 में रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले बीपी मंडल ने भी यह मांग सामने रखी। यह बात और है कि तब के गृहमंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने इसे नामंजूर कर दिया था। अंग्रेजों ने 1931 में जो जनगणना

कराई, जिसका आधार जाति वैमनस्य फैलाना भी था। आजादी के बाद जब 1951 की जनगणना की तैयारियां हो रही थीं, तब भी जाति जनगणना की मांग उठी। लेकिन तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल ने इसे खारिज कर दिया। पटेल ने कहा था, 'जाति जनगणना देश के सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ सकती है।' इसका समर्थन तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू, डॉ. बीआर आंबेडकर और मौलाना आजाद ने भी किया। इसके पहले संविधान सभा की एक बहस में भी पटेल गांधी जी के विचारों के मुताबिक आगे बढ़ने की मंशा जताते हुए जाति आधारित आरक्षण की मांग को खारिज कर चुके थे। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन सिर्फ राजनीतिक आंदोलन नहीं था। उसमें सामाजिक सुधार के भी मूल्य निहित थे। स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भावी भारत का सपना देखा, उसमें जातिवाद की गुंजाइश नहीं थी। संविधान और कानून के सामने सभी बराबर थे। हालांकि आजादी के बाद विशेषकर समाजवादी धारा की राजनीति जैसे-जैसे आगे बढ़ी, परोक्ष रूप से जातिवादी राजनीति को ही बढ़ावा देती रही। डॉक्टर लोहिया जाति तोड? की बात करते थे, लेकिन उनके अनुयायियों ने उनके नारे को सतही तौर पर स्वीकार किया। लोहिया मानते थे कि आर्थिक बराबरी होते ही जाति व्यवस्था खत्म तो होगी ही, सामाजिक बराबरी भी स्थापित हो जाएगी। जब मंडल आयोग की सिफारिशें लागू हुईं तो जातीय राजनीति ने इसमें अपने लिए मौका देखा। हर जाति राजनीतिक अधिकार पाने के लिए अपने खोल को मजबूत करने में जुट गई। यह उलटबांसी ही है कि जिस जयप्रकाश आंदोलन से निकली गैर-कांग्रेसी सरकार ने मंडल आयोग गठित किया, उसी आंदोलन के दौरान जयप्रकाश नारायण के गांव सिताबदियारा में 1974 में हुई एक बैठक में जातिवादी व्यवस्था तोड़ने की दिशा में गंभीर प्रयास करने का प्रस्ताव पारित हुआ था। तब जयप्रकाश ने नारा दिया था, 'जाति छोड़ो, पवित्र धागा तोड़ो, इंसान को इंसान से जोड़ो।' जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद इन प्रयासों में तेजी आनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। क्योंकि जाति तोड़ने की बात करने वाली राजनीति के अधिकांश अनुयायी जातियों की गोलबंदी में अपना भविष्य देख रहे थे। इसका आभास चंद्रशेखर को था, इसलिए उन्होंने जयप्रकाश से आशंका जताई थी कि आने वाले दिनों में आंदोलनकारी अपनी-अपनी जातियों के नेता के तौर पर पहचाने जाएंगे। जातीय गोलबंदी को और आक्रामक रूप बाबू कांशीराम ने दिया। उनका नारा था, 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' वर्तमान जातीय जनगणना की जिद्द भी इसी सोच का विस्तार है। इसके लिए तर्क दिया जाता है कि इससे सामाजिक न्याय मिलना संभव होगा। जबकि वास्तविकता यह है कि केंद्रीय सूची में पिछड़ी जातियों की कुल संख्या 2633 है। देश में जाति आधारित जनगणना होती है तो ये जातियां अपने-अपने खोल मजबूत करने में जुट जाएंगी क्योंकि इन सभी जातियों के नेताओं को अधिक से अधिक हिस्सेदारी की उम्मीद होगी। जातिगत लामबंदी के दौरान राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, साम्प्रदायिक सौहार्द आदि आदर्श स्थिति का क्या होगा इसका अनुमान लगाना अधिक मुश्किल नहीं है। आश्चर्य की बात है कि नीतिश कुमार व लालू प्रसाद यादव जैसे लोहियावादी नेताओं के जातिवादी भोंपू में अब कांग्रेस के भी मिले-जुले स्वर सुनाई देते हैं, ये वही कांग्रेस है जिनके नेता गांधी जी, सरदार पटेल, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कभी जातिवादी जनगणना को खतरनाक बताया। कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल की जातिवादी राजनीति देश व समाज के लिए घातक ही साबित होगी।

इजराइल-हमास लड़ाई पर भी तुष्टिकरण की राजनीति से बाज नहीं आ रहे कुछ राजनीतिक दल

योगेंद्र योगी

इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध में हमास के क्रूर आतंकी घटना की आलोचना करने की बजाए इजरायल की निंदा करने से साबित हो गया है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के वोट के लिए किस तरह तुष्टिकरण की नीति पर चलते हैं। यही वजह है कि भाजपा विपक्षी दलों पर आक्रामक रुख अख्तियार करती रही है। दरअसल विपक्षी दल आतंकी हमास की निंदा करके देश के अल्पसंख्यक वोट बैंक को नाराज नहीं करना चाहते। इस नए युद्ध की शुरूआत आतंकी संगठन हमास ने की। इसमें सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे गए और बड़ी संख्या में लोगों का अपहरण कर लिया। इसके विपरीत इस मुद्दे पर कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपना कर भाजपा को फिर से एक नया मुद्दा थमा दिया।

केंद्र की भाजपा सरकार ने पहले दिन से ही रुख साफ कर दिया कि किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई का भारत समर्थन नहीं करेगा। केन्द्र सरकार की यह नीति जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी कार्रवाईयों से प्रभावित है। आश्चर्य की बात यह है कि इस मामले में नये बने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस को छोड़ कर ज्यादातर दलों ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी दल ज्यादातर बचाव या विरोध की नीति ही अपनाते रहे हैं। दरअसल कांग्रेस सहित गैर भाजपा दलों का निशाना भी अल्पसंख्यक वोट बैंक होता है। ऐसे में कोई भी दल सार्वजनिक तौर पर प्रतिक्रिया जाहिर करने से बचता है। इसमें हमास ने पहले हमला कर युद्ध को आमंत्रित किया, इसलिए विपक्षी दल स्पष्ट प्रतिक्रिया देने से कतरा रहे हैं। इसके विपरीत जम्मू-कश्मीर में धारा 370, तीन तलाक और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करने में देर नहीं लगाई। धारा 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर की शांति और तरक्की की हालत सर्वविदित हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं लगभग शून्य हो गई हैं। इस साल पर्यटकों की रिकार्ड आमद दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर से एक अग्निवीर का दस्ता तक सेना में शामिल हुआ है। जम्मू-कश्मीर में जी20 की बैठक हो चुकी है। इसी से स्पष्ट होता है कि गैरभाजपा दलों को किस तरह से अल्पसंख्यक वोट बैंक के तौर पर नजर आते हैं। इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर फिलिस्तीन के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें निराशा और पीड़ा व्यक्त की और फिलिस्तीनी लोगों के भूमि (और) स्वशासन, गरिमा और सम्मान के साथ जीने के अधिकार के प्रति अपने समर्थन को तवज्जों दी। हमास ने जिस तरह बच्चों और महिलाओं के कत्ल करके इंसानियत को शर्मसार किया, उस पर कांग्रेस ने एक शब्द भी नहीं कहा और ना ही अपहृत लोगों को रिहा किए जाने की अपील की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा मानना रहा है कि इजरायलियों की राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को सुनिश्चित करते हुए फिलिस्तीन के लोगों की वैध आकांक्षाओं को बातचीत के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने जोरदार हमला बोला। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने एक पोस्ट में कांग्रेस के बयान को अत्यंत निंदनीय बताया। विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर राष्ट्रनीति और राष्ट्रहित के खिलाफ फैसला लेते हुए प्रस्ताव पारित किया है। एक धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए कांग्रेस किस हद तक गिर सकती है? उन्होंने कहा, अब कांग्रेस आतंकवाद से भी समझौता करने को तैयार है। हम और हमारी पार्टी भी विपक्ष में रही हैं लेकिन कभी भी राष्ट्रहित के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेस का हाथ आतंकवाद के साथ है। अपने प्रस्ताव में कांग्रेस ने कहा कि सीडब्ल्यूसी मध्य पूर्व में छिड़े युद्ध पर अपनी निराशा और पीड़ा व्यक्त करती है, जहां पिछले दो दिनों में एक हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

भारतीयों के लिए कई मायनों में मार्गदर्शक रहा संघ प्रमुख का दशहरा उद्बोधन

प्रवीण गुगनानी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव जी भागवत का संघ के नागपुर स्थित मुख्यालय पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी उद्बोधन हुआ। देश के प्रमुख मीडिया संस्थान, राजनैतिक दल, प्रशासन, सामाजिक संगठन प्रतिवर्ष इस उद्बोधन की ओर आशा और उत्सुकता से देखते रहते हैं। इस संभाषण में बहुत से विषयों को लेकर मंथन हुआ। मणिपुर, संघ की गतिविधियां, सामाजिक समरसता, सामाजिक संपर्क, कुटुंब प्रबोधन, कोरोना की तीसरी लहर को लेकर संघ की तैयारी, पर्यावरण, स्वच्छता आदि सभी विषयों पर संघ का संक्षिप्त रोडमैप इस भाषण में दिखा। इन सबके साथ सरसंघचालक जी ने अपने संभाषण में संघ द्वारा मुस्लिमों के मध्य दो कदम बढ़ाने के प्रयत्नों का बड़ा ही संवेदनशील उल्लेख किया। उन्होंने कहा- आखिर एक ही देश में रहने वाले इतने पराए कैसे हो गए? अपना दिमाग ठंडा रखकर सबको अपना मानकर चलना पड़ेगाह्व। देश के सभी समुदायों के मध्य संतुलन की दृष्टि से वे बोले- अविवेक और असंतुलन नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा- ये नहीं मानना कि लड़ाई चल रही थी और अब सीजफायर हो गया।ह्व संघ प्रमुख ने कहा कि यह मानसिकता सही नहीं है कि उनकी वजह से हमें नहीं मिल रहा है या उनकी वजह से हम पर अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि विक्टिम हुड की मानसिकता से काम नहीं चलेगा। कोई विक्टिम नहीं है, उन्होंने कहा कि वे कहते हैं मुझे किसी बस्ती में घर नहीं मिलता, इसलिए अपनी बस्ती में ही रहना होता है। एक ही देश में रहने वाले लोग इतने पराए हो गए? स्पष्ट है कि यह सभी को सोचना है।

विगत वर्ष में संघप्रमुख द्वारा कुछ प्रतिष्ठित मुस्लिम बंधुओं से भेंट-मुलाकात के क्रम को बहुतेरे स्वयंसेवक भी परीक्षात्मक दृष्टि से देख रहे थे। इस मध्य यह संभाषण हम सभी भारतीयों के लिए एक पाथेय की भांति ही तो है। संघ जैसे शक्तिशाली और विश्व के विशालतम संगठन द्वारा इस प्रकार की पहलह्व व दो कदम आगे बढ़ानेह्व को सभी पक्षों द्वारा सकारात्मकता से स्वीकार किया जाना ही अब सह-अस्तित्व का एकमात्र मार्ग दिखता है। वस्तुतः संघ के सरसंघचालक अपना दृष्टिकोण इस देश के प्रति वैसा ही रखे हुए हैं जैसा कि एक परिवार के मुखिया को रखना चाहिये। देश-काल-परिस्थिति के अनुसार इस देश को परमवैभव के शिखर पर ले जाने हेतु जो उचित समुचित लगेगा वो संघ करेगा। परम वैभवं नेतुमेतत स्वराष्ट्रं। संघप्रमुख की बातों का ध्वन्यात्मक अर्थ यही रहता है सदा से। वे सतत हिंदू-मुस्लिम दोनों पक्षों को गुरुत्तर रूप से संबोधित करते रहे हैं। कम से कम आज के युग में तो संघप्रमुख की यही भूमिका नियत है। पिछले वर्ष ही संघ के सरसंघचालक जी ने एक साक्षात्कार में मुस्लिम बंधुओं के लिए कहा था- इस्लाम को कोई खतरा नहीं है, लेकिन हम बड़े हैं, हम एक समय राजा थे, हम फिर से राजा बनें...यह भाव छोड़ना पड़ेगा।ह्व उन्होंने आगे यह भी कहा कि हिंदू हमारी पहचान, राष्ट्रीयता और सबको अपना मानने एवं साथ लेकर चलने की प्रवृति है और इस्लाम को देश में कोई खतरा नहीं है, लेकिन उसे हम बड़े हैंह्व का भाव छोड़ना पड़ेगा। वस्तुतः वर्तमान के भारतीय इस्लाम में देश विरोधियों द्वारा बहुत कुछ ऐसा जोड़ा गया है जो वस्तुतः मूल इस्लाम का भाग है ही नहीं। यहीं से सारे झगड़े उपजाए जाते हैं। जैसे- गजवा ए हिंद का कोई उल्लेख कुरान मे नहीं है किंतु अशिक्षित मुस्लिम समुदाय को गजवा ए हिंद का पाठ कुरान के नाम पर पढ़ाकर अतिशय कट्टर और देशविरोधी बनाया जा रहा है। हम भारत के राजा थे और पुनः राजा बनेंगे का भाव इस गजवा ए हिन्द वाली हदीस से ही उत्पन्न होता है। वस्तुतः एक हदीस, सुनान अन निसाई 3175, की गलत व्याख्या करके ही गजवातुल हिंद (अरबी) या गजवा-ए-हिंद' (उर्दू) शब्द गढ़ा गया है। देवबंद ने इसका घोर विरोध किया है और इसके संदर्भ में बहुत से प्रामाणिक स्पष्टीकरण भी दिये हैं। संघ प्रमुख का भी स्पष्ट आशय है कि इन जैसे शब्दों को छोड़कर ही हम साथ साथ आगे बढ़ सकते हैं। "हमने भारत मे आठ सदी तक राज किया है और हम यहां फिर से राज करेंगे"। "मूर्तिपूजकों को मार डालेंगे, काट डालेंगे"। "इस्लाम के अलावा कोई धर्म सच्चा नहीं है", ऐसी बातें मूल कुरान मे है ही नहीं। ये सारा आतंकी और नफरत भरा मसाला बाद मे कट्टरपंथियों द्वारा कुरान मे जोड़ा गया है। ख्वाजा इफ्तिखार अहमद की पुस्तक, द मीटिंग ऑफ माइंड्सः ए ब्रिजिंग इनिशिएटिवह्व एक ऐसी पुस्तक है जो इस्लाम की बहुत सी बातों, शंकाओं और समस्याओं का शमन करती है। इस पुस्तक की समीक्षा में मुस्लिम विचारक मोहम्मद अनस ने लिखा था कि भारतीय मुसलमान भौगोलिक हिंदू हैह्व। मोहम्मद अनस ने लिखा- "आरएसएस की असंबद्धता के दर्शन और हिंदू अस्मिता के विचार से उनकी शक्ति प्राप्त होती है... वे भारत को एक दिव्य भूमि मानते हैं जहां हिंदुत्व को रहने का पहला अधिकार है।" वे पृथ्वी के इस भाग में जन्म लेने वाली प्रत्येक आत्मा को हिंदू कहते हैं।" लेखक के इस मानस को भी उन्होंने रेखांकित किया था कि- भारतीय मुसलमान इस वास्तविकता के प्रति जागरूक हों और इस तथ्य को स्वीकार करें कि वे भौगोलिक रूप से हिंदू हैं और इस प्रकार वे इस भूमि का एक अंश हैं और उन्हें अपनी आस्था का पालन करने का पूरा अधिकार है।

2013 बैच के पीसीएस अधिकारी अश्विनी यादव को मिला, एसडीएम पद पर तैनाती

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के 63 तहसीलदारों को प्रमोशन दिया है। इसी प्रमोशन के साथ अब तहसीलदारों को एसडीएम बना दिया गया है। इस बाबत गुरुवार को राज्य सरकार ने लिस्ट भी जारी कर दी है। इसी के क्रम में सहजनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बेलऊर के रहने वाले अश्विनी यादव पुत्र स्व.अवधेश यादव को तहसीलदार पद सोनभद्र जिले के घोरावल तहसील में कार्यरत थे जिन्हें अब उसी तहसील के एसडीएम पद कि नई जिम्मेदारी सौंप गई है। आपको बता दे अश्वनी यादव 2013 बैच के उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग के चयनित अधिकारी हैं जिन्हें प्रथम तैनाती नायब तहसीलदार के पद पर नौगढ़ सिद्धार्थनगर जनपद में मिली थी। जिन्हें 2019 में सरकार ने पदोन्नति के द्वारा तहसीलदार पद पर देवरिया जिले के भाटपार रानी तहसील में तनाती दे दी। जहां कुछ समय बाद इनका तबादला देवरिया जनपद के बरहज में कर दिया गया जहां से अभी कुछ समय पहले इनका तबादला जनपद सोनभद्र के घोरावल में कर दिया गया था। इनकी कार्य कुशलता और साफ सुथरा बेदाग छवि के कारण 26अक्टूबर दिन गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार से आए नए आदेश के क्रम में इन्हें इसी तहसील के उप जिलाधिकारी पद पर तैनात कर दिया गया है इस सूचना के बाद परिवार व क्षेंत्रवासियो में खुशी का माहौल है।

सीबीएसई क्लस्टर बॉलीबॉल बालक वर्ग 2023 का भव्य आयोजन 27 से

प्रखर वाराणसी। डेलिम्स सनबीम स्कूल के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाबा की रोहनियाँ शखा के सभागार में दिनांक 27 अक्टूबर दिन शुक्रवार को प्रेस संवाददाताओं को बताया कि इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक टीमें प्रतिभाग करेंगे बी० एस० ई० से संबंधित प्रत्येक वर्ग के लगभग 1400 प्रतिभागी तथा कोच एवं मैनेजर ने भाग लिया। पत्रकार बंधुओं को आगे की जानकारी से अवगत कराते हुए कि उइरए क्लस्टर वॉलीबॉल बालक वर्ग चैंपियनशिप 2021 को उद्घाटन समारोह प्रत 830 बजे रोहनियों के विशाल प्रांगण में होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय बॉलीवॉल बालक वर्ग के कप्तान श्री विनीत कुमार चौधरी जी है। उद्घाटन में विभिन्न टीम के खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक की प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जि नृत्य-संगीत तथा रॉक बैंड की प्रस्तुति द्वारा किया जाएगा। दिनांक 28, 29, 30 एवं 31 अक्टूबर 2023 को पॉलीबॉल कोर्ट पर प्रातः 8:00 बजे से सायं 8:00 बजे तक विभिन्न बीच प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। प्रत्येक शाम खिलाड़ियों के मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के अंतिम दिवस 31 अक्टूबर 2023 दिन मंगलवार को दोपहर 12.00 बजे से समापन समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा, जिस विद्यालय की विभिन्न प्रकार की शास्त्रीय एवं पाश्चात्य गीत-नृत्य प्रस्तुत करेंगे उइरए क्लस्टर वॉलीबॉल बालक वर्ग चैंपियनशिप 2023 में विभिन्न वर्ग की प्रति विजेता टीमों को समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। सभी टीमों के रहने एवं खाने की व्यवस्था टेलिम्स रोहनियों में की गई है।

पिपरौली ब्लाक के बांसपार माहीं गांव में चौपाल का हुआ आयोजन

प्रखर सहजनवा/गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत विकास खंड पिपरौली के ग्राम पंचायत बांसपार-माही के पंचायत भवन में आज एक चौपाल लगाई गई। जहां ग्रामीणों ने विधवा पेंशन ,वृद्धा पेंशन इत्यादि के संबंध में मुद्दों को उठाया। गांव के बबलू पांडेय और मंटू चौबे ने ग्राम सभा में नाली निर्माण के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जिसके निस्तारण का ग्राम सचिव प्रतिमा सिंह तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगा पांडेय ने निस्तारण का वायदा किया। इस अवसर पर धनंजय पांडेय, हरगोविंद चौबे, विनोद पांडेय, उमाशंकर पांडेय,अजय नरायन चौबे, सुनरायन गिरी, राकेश सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

पुलिस ने किया गिरोह बन्द अधीनियम के तहत रामनरेश राय की 09 करोड की अचल संपत्ति कुर्क

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 20.10.2023 को थानाध्यक्ष/विवेचक थाना करण्डा जनपद गाजीपुर द्वारा प्रेषित आख्या पर व श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को पारित कुर्की आदेश अन्तर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया क्लाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत अभियुक्त /गैंग सरगना रामनरेश राय पुत्र स्व0 दीनानाथ राय व गैंग सदस्य रविशंकर राय उर्फ रवि राय पुत्र रामनरेश राय साकिनान कपूरपुर मिश्र बाजर थाना कोतवाली गाजीपुर की अचल बेनामी संम्पत्ति जिसकी अनुमानित बाजारु कीमत 09 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

भदोही में छींटाकशी के विवाद में खूनी संघर्ष आठ लोगों खिलाफ मुकदमा

गोपीगंज नगर में आयोजित मेले में छींटाकशी की वजह से बढ़ा विवाद, पुलिस ने तत्काल उठाया कदम, दोनों पक्ष के युवकों के खिलाफ कार्रवाई

प्रखर भदोही। गोपीगंज नगर में आयोजित मेले में छींटाकशी से शुरू हुआ विवाद खुनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच में जमकर मारपीट हुई और चाकूबाजी हुईं। जिसके चलते कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में इलाज के लिए भर्ती कराया है। इस मामले में दोनों तरफ से घायल लोगों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। भदोही जनपद के गोपीगंज नगर के अंजही मोहाल के कबूतरनाथ मंदिर के पास गुरुवार की रात आयोजित मेले में हुए खुनी संघर्ष में पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन के निर्देश पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्ष की तरफ से चार-चार लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। घायल रईश की

तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस भिखारीपुर के चार लोगों के खिलाफ मुकदमें नामजद किया गया है। विवाद के पीछे छींटाकशी का मामला सामने आया है। घटना के सम्बन्ध में बताया गया है कि भगवतपुर के कुछ युवकों और गुब्बारा बेंच रहें दूसरे पक्ष के युवकों से विवाद हो गया। जिसमें जमकर मारपीट और चाकूबाजी हुईं। भगवतपुर निवासी रईश अहमद ने गुरुवार की रात थाने में तहरीर देकर अवगत कराया था कि कबूतरनाथ मंदिर के पास वह बैलून की दुकान लगाया था। दुकान के पास उसके दोस्त आफताब, रईस, वाजिद व तौफिक भी मौजूद थे। इस बीच अचानक चार लोग लोग पहुँचे और चाकू निकाल कर मारना शुरू कर दिया। जिससे चारों लोग घायल हो गये। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गयी। जिस घायल की तहरीर पर पुलिस ने भगवतपुर निवासी आशीष बिंद, भिखारीपुर निवासी किशन बिंद, अवधेश बिंद व अनिश बिंद के खिलाफ विभिन्न सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जबकि आरोपित पक्ष का दावा है कि छेड़खानी में यह विवाद हुआ। गोपीगंज कोतवाली में दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयीं है। इस मामले गोपीगंज कोतवाल से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि रात में वहाँ मेले का आयोजन था। एक पक्ष विशेष पर आरोप है कि उसकी तरफ से छीटाकशी की गयीं। जिसके बाद धक्का-मुक्की से बढ़ता विवाद संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्ष की तहरीर पर चार-चार लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

तेलंगाना से काशी आये दक्षिण भारतीयों के दल ने समाजसेविका मधुवन्ती के नेतृत्व में काशी में किया रुद्राभिषेक एवं शिव-पार्वती का विवाह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। तेलंगाना राज्य से हैदराबाद जिले के दिलसुखनगर की रहने वाली समाजसेविका मधुवन्ती ने 118 लोगो के साथ काशी पहुंची एवं 26 अक्टूबर गुरुवार से वाराणसी में लक्सा क्षेत्र स्थित एक होटल परिसर में विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें रुद्राभिषेक, रुद्र होम, कुमकुम पूजन के पश्चात 27 अक्टूबर शुक्रवार कों प्रातः काल से ही दक्षिण भारत एवं काशी के वैदिक विद्वानों द्वारा पण्डित हरेन्द्र उपाध्याय (करुणानन्द महाराज) के नेतृत्व में वृहद रूप से हवन - पूजन के पश्चात शिव पार्वती का विवाह सम्पन्न कराया गया जिसके साक्षी काशी के विद्वान एवं गणमान्य लोग बने। कार्यक्रम के अंत में हैदराबाद से आयी ग्रूप लीडर (समाजसेविका) मधुवन्ती जी ने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया की जब मैं पहली बार 1998 में काशी आयी तब मेरी माली हालत बहुत खराब थी लेकिन बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के पश्चात बाबा की ऐसी कृपा हुई की मैं तब से लेकर अब तक 118वीं बार 118 लोगो के साथ काशी आयी हूँ और

बाबा का दर्शन कर अपने व सम्पूर्ण जगत की खुशहाली एवं अमन चैन की प्रार्थना करते हुए काशी के लोकप्रिय सांसद एवं भारत के यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की दीघार्यु की कामना की।

दशहवा व नौआडीह में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल का आयोजन करके ग्रामीणों की समस्याओं का गांव में ही समाधान किया जाय। इस ग्राम चौपाल कार्यक्रम को ले कर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बहुत सख्त हैं। ग्रामीणों की समस्याओं को गांव में ही त्वरित समाधान किया जाय। इसी क्रम में आज शुक्रवार को संतकबीरनगर जिले के सबसे बड़े ब्लॉक सेमरियावां के दसहवा तथा नौआ डीह गांव के पंचायत भवन पर ग्राम चोपाल का आयोजन हुआ। दशहवा गांव के ग्राम सुनीता मिश्रा के अध्यक्षता में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।जिसमे ग्रामीणों ने बहुत बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अपनी समस्याओं से विकास खंड के अधिकारियो से अवगत कराया। ठीक इसी तरह नौआडीह गांव के पंचायत भवन में ग्राम सचिव गुलाब चंद की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीण अपनी अपनी समस्याओं को रखा। नौआडीह गांव में राशन कार्ड ले समस्या , प्रधान मंत्री आवास योजना की मजदूरी के भुगतान न होने की बात को ले कर ग्रामीणों ने चौपाल कार्यक्रम में अधिकारियो को बताया। किसान सम्मान निधि की , वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन आदि में आ रही समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने विकासखंड से आए हुए अधिकारियों और कर्मचारियों से अवगत कराया गया। निस्तारण कराया गया। गांव में जल निकासी की समस्या नाली की समस्या, आवागमन हेतु इंटरलॉकिंग आरसीसी तथा खड़ंजे की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने अपनी अपनी बात रखी सभी समस्याओं को लिखित तौर पर दर्ज करते हुए ग्राम सचिव ने निस्तारण का आश्वासन दिया तथा कुछ समस्याओं का निस्तारण मौके पर किया गया।

धार्मिक व सांस्कृति कार्यक्रम में अराजकता फैलाने वाले उपद्रवियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने की मांग

प्रखर संतकबीरनगर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा विगत दिनांक 23 अक्टूबर 2023 को खलीलाबाद के हीरालाल इण्टर कॉलेज के प्रांगण में नवरात्रि पर्व उत्सव क्रम में डांडिया कार्यक्रम के आयोजन के दौरान अराजकतत्वों द्वारा उत्पन्न किये गये व्यवधान में शामिल सभी अराजकतत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने सम्बंधी ज्ञापन जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर को दिया गया। जिलाधिकारी ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से ज्ञापन लेते हुए उन्हें धार्मिक व सांस्कृति कार्यक्रम में अराजकता फैलाने वाले उपद्रवियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

लोक सभा निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का पुनरीक्षण शुरू, डीएम ने किया शुभारंभ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आज दिनांक 27 अक्टूबर, 2023 से 09 दिसम्बर, 2023 तक चलने वाले लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षित कार्यक्रम का शुभारम्भ राजकीय महिला महाविद्यालय गाजीपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होने वहां उपस्थित छात्राओ को मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में शपथ दिलायी तथा 18 वर्ष एवं उससे उपर के मतदाताओ मे मतदाता रजिस्ट्रेशन फार्म का वितरण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा देश एक लोक तंन्त्रात्मक देश है यहा प्रत्येक 05 वर्ष में चुनाव होते है। मतदान प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार है। मतदान से ही एक विकसित एंव

मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। हम सब का दायित्व है कि अपने-अपने मतो का शत-प्रतिशत उपयोग करते हुए एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाये तथा अपने परिवार, पास -पडोस, गॉव , मुहल्ला में भी लोगो को मतदान हेतु प्रेरित करे। उन्होने कहा कि जनपद में 27 अक्टूबर, 2023 से 09 दिसम्बर, 2023 तक यह अभियान चलेगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से जोडे व हटाये जायेगे । उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता के नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन की आवश्यकता है तो अपना संशोधन भी करा सकते हैं एवं जो मतदाता एक ही विधानसभा क्षेत्र में एक मतदेय स्थल से किसी अन्य मतदेय स्थल पर शिफ्ट हो गए हैं, ऐसे मतदाता भी आयोजित होने वाले शिविरों का लाभ उठाते हुए अपना नाम स्थानांतरित करा सकते हैं।

मेरी माटी मेरा देश के तहत 24 अमृत कलश लखनऊ दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी,मेरा देश मिट्टी को नमन,वीरों का वंदन" जनपद के 16 विकास खण्डों एवं 08 नगरीय निकायों से संकलित अमृत कलश को जनपद गाजीपुर से लखनऊ व दिल्ली जाने वाली 24 अमृत कलश के वाहक, कलशवीरों के साथ नोडल अधिकारी, चिकित्सक, पुलिस कर्मियों को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ,मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह ह्यह्यचंचलह्यह्य के प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, नेहरू युवा केंद्र के स्वम् सेवको को रैली में माला पहनाकर कलश प्रदान किया गया तत्पश्चात हरी झण्डी दिखाकर लंका मैदान से रवाना किया।रैली लंका मैदान से सैनिक चौराहा, प्रकाश नगर, होते हुए महराजगंज नेशलन हाईवे पहुची जहां आरक्षित बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । जिलाधिकारी ने कहा कि

जनपद के समस्त विकास खण्डो, नगर पालिका, नगर पंचायतो के प्रत्येक घरो से इक्क्ठा किये गये चावल के दाने व मिट्टी के कणो को 24 कलश मे एकत्रित किये गये है जो आज इस जनपद का प्रतिनित्व करते हुए वाहक कलश वीरो द्वारा लंका मैदान से प्रस्थान कर लखनऊ तथा लखनऊ से फिर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगें। दिल्ली मे पूरे देश के जनपदो से इकट्ठा किये गये कलश से एक अमृत वाटिका का निर्माण होगा जो इस बात का गर्व महसूस करायेगा कि देश की आजादी के लिए जो वीरता का कार्य हमारे पूरखो ने किया है जिसके बल बूते पर हमारा देश विश्व गुरू के स्थान पर पहुचने के लिए सक्षम स्थान पर पहुच चुका है। इस तरह के राष्ट्रीय प्रतीको को देखने पर हमे गर्व की अनुभूति हो और हमारे देश का बच्चा बच्चा अपने देश के प्रति योगदान के लिए उत्साहित हो सके। उन्होने कहा कि प्रत्येक गाजीपुर वासियों द्वारा अर्पित की गई मिट्टी, अक्षत की सुगंध दिल्ली की अमृत वाटिका में कायम रहेगी। कलश यात्रा को संपन्न करने के लिए युवा कल्याण विभाग व नेहरू युवा केंद्र को नोडल अधिकारी के रूप में कलश यात्रा के साथ भेजा गया।

डारी डीहा में हुई सोशल ऑडिट की बैठक हुई संपन्न

प्रखर संतकबीरनगर। शासन के निर्देश पर सेमरियावां ब्लॉक के डारी डीहा गांव में मनरेगा से हुए विकास कार्यो का सत्यापन कार्य सोशल ऑडिट टीम द्वारा किया गया। इसके साथ ही टीम ने गांव में ग्रामीणों संग बैठक कर विकास कार्यो की हकीकत को भी परखा। इसी कड़ी में शुक्रवार को सेमरियावां ब्लॉक के डारी डीहा में सोशल आडिट टीम की बैठक आयोजित हुई। जिसमे टीम ने पीएम आवास, मेड़बंधी सहित मनरेगा से हुए विकास कार्यो की जमीनी हकीकत को परखने के साथ ही शुक्रवार को बैठक के माध्यम से मनरेगा से हुए विकास कार्यो पर बिन्दुवार ग्रामीणों से फीडबैक लिया। इसी क्रम में सोशल ऑडिट की बैठक आयोजित किया गया ग्राम पंचायत डारीडिहा ग्राम प्रधान पूर्णमासी, बैजनाथ प्रधान प्रतिनिधि, राजमन चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, जयसिंह, अब्दुसलाम, राम बेलास, धनंजय दूबे, रावना चौधरी, राम भवन गौतम, अजय चौधरी, सुनील चौधरी, हरिश्चंद्र आदि मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान द्वारा करवाये गए विकास कार्यों पर सहमति जताई गयी। बिंदुवार विकास कार्यों के परिपेक्ष्य में ग्रामीणों से टीम ने फीडबैक भी लिया।

न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के 14 न्यायपंचायत में स्थित बेसिक शिक्षा के स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने दमदार प्रदर्शन कर लोहा मनवाया। पिंडरा विकास खण्ड के फूलपुर, पिंडरा, सिंधोरा, भानपुर, गरथमा, गड़खरा समेत 14 न्याय पंचायत स्तर पर हुई प्रतियोगिता में बच्चो ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किये। बाबतपुर न्याय पंचायत में की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन एसएस पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर हुई। जिसमें कम्पोजिट स्कूल रमईपट्टी ओवरऑल चैंपियन बना। प्रतियोगिता का शुभारंभ के मुख्य अतिथि बीईओ देवीप्रसाद दुबे तथा समापन के मुख्य अतिथि के प्रबुद्ध नारायण सिंह, जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह व एसआरजी राजीव सिंह रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। योग प्रशिक्षक कमलेश कुमार पांडेय द्वारा तैयार कराए गए योगाभ्यास के फ्लोर डांस की प्रशंसा । छात्र

छात्राओं ने योग की दमदार प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। वही खण्ड शिक्षा अधिकारी देवीप्रसाद दुबे ने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर विजेता अब अगले सप्ताह ब्लॉक स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे।

चार भाइयों का मिलन देख छलक पड़े आंसू

प्रथम पुरस्कार में आकर्षक झांकी को एलईडी टीवी, द्वितीय पुरस्कार में रेंजर साइकिल, तृतीय में कूलर दिया गया, पुलिस के सख्त पहरे में संपन्न हुआ खेतासराय का ऐतिहासिक भरत मिलाप

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। कस्बे का ऐतिहासिक भरत मिलाप गुरुवार की रात भव्य सजावट और आकर्षक झांकियों के बीच पुलिस के सख्त पहरे में संपन्न हुआ। 14 वर्ष के वनवास के बाद चार भाइयों का मिलन हुआ तो उपस्थित भक्त जनों की आंखें नम हो गईं। वरिष्ठ भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू के निर्देशन में इस बार पूरे नगर को विद्युत के आकर्षक झालरों, रंग बिरंगी पन्नियों से की गई सजावट देखते ही बन रही थी। शोभायात्रा में विभिन्न उत्साही कार्यकताओं द्वारा लाग के रूप में 22 आकर्षक झांकियां निकाली गई। जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में एलईडी टीवी द्वितीय पुरस्कार में रेंजर साइकिल तृतीय पुरस्कार में कूलर दिया गया। इसके अलावा सभी 22 आकर्षक झांकियां के अधिष्ठाता को ग्यारह, ग्यारह सौ रुपए और अन्य लोगों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसके बाद भोर में भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न 14 वर्ष के

बनवास के बाद आपस में गले मिले तो लोगों की आँखे नम हो गईं। इसके पहले नगर के गोला बाजार से भगवान श्री रामचंद्र की शोभा यात्रा आकर्षक ढंग से बैंड बाजे के साथ मध्य रात्रि में निकाली गई। जिसमें खेतासराय दुर्गा पूजा की अनेक समिति की दुर्गा प्रतिमाएं भी साथ-साथ चल रही थी। प्रतिमाओं के पीछे विभिन्न स्थानों से आई आकर्षक झांकियां भी साथ- साथ चल रही थी। पुष्पक विमान रूपी राम रथ जिसमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम, सीता, लक्ष्मण विराजमान थे। यह शोभा यात्रा सम्पूर्ण नगर भ्रमण करते हुए भोर में गोला बाजार के पास संपन्न हुई ।

समारोह में रामलीला समिति के निदेशक सुरेश चंद्र अवस्थी, कोषाध्यक्ष अंशु गुप्ता, गोलू यादव, अज्जू सोनी, मनोज श्रीवास्तव पप्पू लाला, पतंजलि मौर्य एडवोकेट, शशिकांत पांडेय, सभासद अमित सोनकर, सामाजिक कार्यकर्ता पारसनाथ यादव उर्फ नाटे, रेशमा प्रजापति, गुल्लू यादव, गोरख प्रजापति समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुरस्कार वितरण करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में रामलीला समिति के अध्यक्ष रूपेश गुप्ता मोनू ने उपस्थित जनों के प्रति आभार जताया। कहा खेतासराय कस्बे की जनता इस बार जितना खुले मन से मेरे साथ सहयोग कर रही है। वह बहुत ही सराहनीय है। मैं जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा। भाजपा नेता मोनू गुप्ता ने समाज के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले कार्यकताओं, महिलाओं, बहनों और युवाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

महिलाओं ने की पुष्प वर्षा - खेतासराय। नगर पंचायत खेतासराय में ऐतिहासिक भरत मिलाप शोभा यात्रा के दौरान घर की छतों पर खड़ी महिलाओं ने पुष्प वर्षा की। भ्रमण के दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रभु भगवान श्री रामचंद्र, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न समेत रथ पर सवार सभी लोगों की आरती उतार कर उनकी पूजा अर्चना करने के बाद उन्हें जलपान कराया। कार्यक्रम के अंत में रामलीला समित के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू ने खेतासराय थानाध्यक्ष चन्दन राय, डिप्टी एसपी शाहगंज शुभम तोंडी समेत उपस्थित जनों के प्रति आभार जताया। कार्यकताओं का आह्वान किया कि अगर उनका सहयोग इसी तरह से मेरे साथ बना रहा तो इस नगर को भव्य आकर्षक बनाने के लिए पूरी तरह से तत्पर रहूंगा। कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक मंहगू यादव, संजय पाण्डेय, अम्बिका यादव समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्त के पुत्र भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू व रामलीला समिति के प्रबंधक रवि बरनवाल ने किया।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुघर्टना में घायल छात्रा जिला अस्पताल रेफर

प्रखर पूर्वांचल, सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां थाना के घघसरा पुलिस चौकी अंतर्गत डुमरी निवास गांव की रहने वालीं कविता पुत्री रामनवल कन्नौजिया उम्र 16 साल डुमरी सहरी मार्ग पर छात्रा कोचिंग सेंटर से वापस घर आ रही थी। अचानक सामने से एक स्कूल बस आ जाने के कारण साईकिल से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी और उसके कमर में काफी चोट लग गई। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंचे घघसरा चौकी प्रभारी अवधेश पाण्डेय मौके पर मौजूद ग्रामीणो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरार्पार भेजे। जहां हालात देखकर डाक्टरों ने जिला अस्पताल गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया है।

करवाचौथ पर्व पर हिन्दू महासभा ने की सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग : डॉ. गीता रानी

प्रखर वाराणसी। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने विवाहित महिलाओं के सबसे बड़े पर्व करवाचौथ पर केंद्र सरकार से राष्ट्रीय सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। अपनी मांग में रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि करवाचौथ पर्व विवाहित महिलाएं अपने पति की दीघार्यु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। कामकाजी और नौकरी पेशा विवाहित महिलाओं को करवाचौथ पर सार्वजनिक अवकाश न होने से मानसिक और शारीरिक पीड़ा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विवाहित महिलाओं की मानसिक और शारीरिक पीड़ा को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार को करवाचौथ पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करना चाहिए। हिन्दू महिला सभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉक्टर गीता रानी ने हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि विभिन्न महिला संगठनों द्वारा करवाचौथ पर अवकाश की मांग को समय समय पर उठाया जाता रहा है , किन्तु सरकार ने कभी इस महत्वपूर्ण मांग पर तवज्जो नहीं दी । डॉक्टर गीता रानी ने मातृशक्ति के हित में सार्वजनिक अवकाश की आवाज बुलंद करने के लिए हिन्दू महासभा का आभार व्यक्त किया है। हिन्दू महिला सभा की राष्ट्रीय मंत्री ने हिन्दू महासभा की मांग को देश की समग्र नारी शक्ति की आवाज घोषित करते हुए कहा कि सरकार ने करवाचौथ को सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया तो केंद्र सरकार को लोकसभा चुनाव 2024 में महिला वोटों से वंचित होना पड़ सकता है । महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्वेता रस्तोगी ने भी करवाचौथ पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार से इस मांग पर तत्काल संज्ञान लेने की अपील की है।

रेलवे ट्रैक पार करते समय, ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षीय महिला की मौके पर मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। क्षेत्र के सिधौना में रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय 55 वर्षीय महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे 55 वर्षीय महिला की सिधौना बाजार में रेलवे लाइन पार करते समय औड़िहार से

वाराणसी जा रही तेज रफ्तार ट्रेन की इंजन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बाजार में हड़कंप मच गया। मौके पर भीड़ लग गई। बाजारवासियों की सूचना पर पहुँचे उपनिरीक्षक गिरधारी मिश्रा ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही मृतका की शिनाख्त शादियाबाद थानाक्षेत्र के नगीना देवी (55) पत्नी स्व. बकरूद्दीन के रूप में हुई। स्थानीय पुलिस के सूचना पर पहुँचे मृतक के परिजनो ने बताया कि मृतका की एक बेटी रेहाना की शादी खानपुर थानाक्षेत्र के अमेहता गाँव मे हुई है।जिसकी तबियत पिछले एक सप्ताह से खराब चल रही थीं जिसे देखने के लिए हर उसकी माँ नगीना शादियाबाद से बस से आ जा रही थी। वही रोज की भांति जैसे ही वह सिधौना बाजार पहुँची और रेलवे लाइन क्रॉस कर रही थी कि तभी औड़िहार के तरफ वाराणसी की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से से नगीना की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।थानाध्यक्ष खानपुर प्रवीण यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

काशी द्वार के विरोध में किसानों ने फिर भरी हुंकार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। काशी द्वार के विरोध में पिंडरा क्षेत्र के किसानों ने शुक्रवार को किसानों के बीच जनजागरूकता अभियान चलाया। चकन्दरपुर व जददुपुर में हुई सभा में एक बार फिर किसानों ने हुंकार भरी और कहाकि किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नही देंगे। इस दौरान प्रभावित होने वाले गावों के किसान रहे। संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले पिंडरा क्षेत्र के काशी द्वार से प्रभावित गांव के एक दर्जन किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों ने कहाकि हम अपनी जमीन को किसी भी कीमत पर नही देंगे। इस दौरान रामजीत सिंह, लक्ष्मण पटेल,राजनाथ पटेल, सन्तोष पटेल, प्रेम कुमार, अनिल कपूर व दुर्गा नारायण पटेल, समेत अनेक किसान रहे।

जाणताराजा महानाट्य भारत के गौरवशाली अतीत का मंचन है: डॉ सन्तोष

प्रखर गाजीपुर जखनियां। आगामी 21नवंबर से 26नवंबर तक सर्व विद्या की राजधानी काशी में सायं 5.30बजे से 8.30बजे तक "जाणताराजा" महानाट्य का मंचन किया जा रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने सनातनी संस्कृति को मुगलों के आक्रमण से बचाए रखने के लिए जिस साहस,शौर्य ,और पराक्रम का परिचय दिया वह अद्वितीय है। लेकिन उनकी कहानी पाठयपुस्तकों में बस कुछ ही पन्नों में समेट कर रख दी गई। पद्म विभूषण बाबा बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे द्वारा लिखित "जाणताराजा" शिवाजी महाराज के पूरे जीवन पर एक विहंगम दृष्टि डालता है। देश की महान विभूतियों के बारे में नई पीढ़ी को बताने के लिए नाटक सबसे सशक्त माध्यम जान पड़ता है।जो बात पुस्तकों के द्वारा नहीं समझाई जा सकती वह एक नाटक कुछ ही घंटों में पूरा कर देता है। जब मंचन द्वारा

सजीव प्रस्तुति की जाती है उसका असर दर्शकों के मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ जाता है। महानाट्य का मंचन काशी में कराने का भी यही उद्देश्य है। इस महानाट्य को देखने के लिए अधिक से अधिक लोग काशी पहुंचें ताकि यह महानाट्य अपने उद्देश्य में सफल हो सके। उक्त बातें जाणताराजा संचालन समिति सैदपुर के सचिव डॉ. संतोष सिंह यादव ने जन संपर्क के दौरान साझा किया। जाणताराजा भारत के गौरवशाली अतीत का मंचन है। इसके माध्यम से सर्व विद्या की राजधानी काशी में गूंजेगी हिंदवी स्वराज के संस्थापक शिवाजी राजे की महागाथा। इस जनसंपर्क आभियान में प्रमुख रुप से सह जिला संघचालक श्रीमान पारस राय एवम् भुड़कुड़ा महाविद्यालय में अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार मिश्र उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा

हिमाचल के कुल्लू जिले में सप्ताह भर चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान गुरुवार को श्रद्धालु देवी-देवताओं को पालकी में ले जाते हुए।

राजस्थान: तीसरी सूची में कांग्रेस ने घोषित किए 19 उम्मीदवार

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में 1 मंत्री और 11 विधायकों समेत कुल 19 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं। एक विधायक का टिकट काटा गया है। वो विधायक एक महिला थी, जिसका टिकट अब उसके देवर को दे दिया गया है। यहां पर देखिए कांग्रेस प्रत्याशियों की नई सूची इस प्रकार है। इस सूची में कांग्रेस ने तारानगर से नरेंद्र बुडानिया, सीकर से राजेंद्र पारीक, बगरू से गंगा देवी, नगर से वाजिब अली, करौली से लाखन सिंह मीणा, धोलपुर से शोभारानी कुशवाह, बांदीकुई से गजराज खटाना, गंगापुर से रामकेश मीणा, देवली-उनियारा से हरीश चंद्र मीना, रतनगढ़ से पूसाराम गोदारा, रेवादर से मोतीराम कोली, झोड़ोल से हीरालाल दांगी, मसूदा से राकेश पारीक, पचपदरा से मदन प्रजापत, बारां-अटरू से पानाचंद मेघवाल, केशोरायपाटन से सीएल प्रेमी बैरावा का नाम घोषित किया है। वहीं, सपोटरा से रमेश मीणा को टिकट दिया गया है। सहाड़ा से महिला विधायक गायत्री त्रिवेदी का टिकट कटा है, अब उनके देवर राजेंद्र त्रिवेदी चुनाव लड़ेंगे। अब तक सामने आई 3 सूची पर नजर डाली जाए तो कांग्रेस ने इस बार मौजूदा चेहरों को ही फिर से टिकट देने का मूड़ बनाया है।

एक मंत्री और 11 विधायकों के नाम

नरेंद्र बुडानिया, तारानगर

राजेंद्र पारीक, सीकर

रमेश मीणा, सपोटरा

हरीश मीणा, देवली उनियारा

अब तक 95 सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित

गुरुवार को 19 उम्मीदवारों के ऐलान के साथ ही कांग्रेस पार्टी अब तक 200 विधानसभा सीटों में से 95 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। 105 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा अभी बाकी है।

पहली सूची में 33, दूसरी में 43, तीसरी में 19 उम्मीदवार: बताया जा रहा है कि सूबे में पार्टी ने सिटिंग विधायकों को ही रिपीट करने का मापदंड अपनाया है। इससे पहले गहलोत की अगुवाई में कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 33 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवार घोषित किए थे। अब 19 उम्मीदवारों में एक मंत्री और 11 विधायकों को टिकट दिए हैं। वहीं, एक विधायक का टिकट काटा गया है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव इस बार 25 नवंबर को होंगे। चुनाव आयोग ने पहले इसकी तारीख 23 नवंबर रखी थी, हालांकि उस दिन शादियों के सीजन की शुरुआत होती है, इसलिए आयोग ने विधानसभा चुनाव की तारीख बदल दी और उसे 25 नवंबर कर दिया। सभी 200 सीटों पर वोटिंग यानी मतदान एक ही चरण में होगा। वोटिंग के बाद चुनाव परिणाम 3 दिसंबर को आएगा।

लेविस्टन में गोलीबारी में मृतकों की संख्या 22 हुई

वाशिंगटन। अमेरिका के मेन के लेविस्टन में हुई गोलीबारी की घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। फॉक्स न्यूज ने एक सूत्र के हवाले से यह खबर दी है। रिपोर्ट में बुधवार देर रात कहा गया कि संदिग्ध हिरासत में हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को मेन के लेविस्टन में हुई सामूहिक गोलीबारी के बारे में अब तक की जानकारी दी गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लेविस्टन शहर में हुई सामूहिक गोलीबारी के बारे में मेन के गवर्नर जेनेट मिल्स और राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों से टेलीफोन पर बात की है। मेन राज्य पुलिस गोलीबारी की जांच कर रही है और फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) स्थानीय कानून प्रवर्तन बलों का समर्थन कर रही है।

राव को चुनाव आयोग ने बनाया नेशनल आइकन

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव को भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को अपना नेशनल आइकन नियुक्त कर लिया है। एक्टर ने गुरुवार को मतदाता शिक्षा और मतदान को बढ़ावा देने चुनाव आयोग के साथ करार किया किया। एजेंसी ने राजकुमार राव के इस वीडियो अपने एक्स अकाउंट से शेयर किया है। जिसमें राजकुमार राव निर्वाचन आयोग के ऑफिसर्स के साथ नजर आ रहे हैं। 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'न्यूटन' में राजकुमार राव ने नूतन कुमार नाम के एक सरकारी क्लर्क की भूमिका निभाई थी। नूतन कुमार एक क्लर्क थे जो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध थे। इस फिल्म के लिए राजकुमार राव को बेस्ट एक्टर के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला था।

दो राज्यों में हुए 3 सड़क हादसे, 22 लोगों की मौत

मुंबई/बेंगलुरु। महाराष्ट्र और कर्नाटक में बुधवार रात से गुरुवार सुबह के बीच तीन अलग-अलग सड़क हादसों में 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें दो घटनाएं महाराष्ट्र के बीड जिले की है। एक्सीडेंट में दर्जनों लोग घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर की है। यहां बेंगलुरु-हैदराबाद हाईवे पर एक कार और ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई। पांच की हालत गंभीर है। सभी लोग बागेपल्ली से चिक्कबल्लापुर की ओर जा रहे थे। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के बीड जिले में गुरुवार सुबह 4 बजे मुंबई से आ रही एक बस सड़क से 150 फीट नीचे खाई में गिर गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई। बस में करीब 40-50 यात्री सवार थे।

आज का इतिहास

- **1795:** अमेरिका और स्पेन ने सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- **1805:** फ्रांस की सेना बर्लिन में घुसी।
- **1920:** भारत के पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायणन का जन्म।
- **1947:** राजा हरि सिंह ने जम्मू कश्मीर का विलय भारत में किया।
- **1959:** पश्चिमी मेक्सिको में चक्रवाती तूफान से कम से कम 2000 लोग मरे।
- **1968:** मेक्सिको सिटी में 19वें ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
- **1978:** मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात और इजराइल के पीएम मेनाचेम शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए चुने गये।
- **1984:** प्रतिभाशाली आल राउंडर क्रिकेटर इरफान पठान का जन्म।
- **1995:** यूक्रेन में कीव स्थित चेननोबिल परमाणु संयंत्र सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण पूर्णतः बन्द किया गया।
- **1997:** एडिनबर्ग (स्काटलैंड) में राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।

इजराइल का हमास के 250 ठिकानों पर हमला, टैंकों के साथ सेना गाजा में घुसी

मस्जिद-प्ले स्कूल के पास हमास की रॉकेट लॉन्चिंग साइट की गई तबाह

नई दिल्ली। इजराइल और हमास के बीच जारी जंग का गुरुवार को 20वां दिन था। इजराइली सेना ने गाजा में करीब 250 जगहों पर हमला किया है। इस दौरान उन्होंने हमास के ठिकानों, कमांड सेंटर, सुरंगों और रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया। इजराइली सेना ने बताया कि नेवी ने खान यूनिस में एक मिसाइल पैड पर हमला किया। ये साइट मस्जिद और किंडरगार्टेन के एकदम पास में मौजूद थी। इस बीच पहली बार इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने माना कि इजराइल 7 अक्टूबर के हमले को रोकने में नाकाम रहा। नेतन्याहू ने कहा- आने वाले समय में 7 अक्टूबर को हमास का हमला न रोक पाने के लिए मेरे साथ ही सभी को जवाब देना पड़ेगा। वहीं, इजराइली सेना ने बताया कि वो बुधवार रात टैंकों के साथ उत्तरी गाजा में घुसे थे। उन्होंने हमास के कई ठिकानों और रॉकेट लॉन्च पोजिशन को निशाना बनाया।

इटली हमास को मानता है आतंकवादी संगठन: ताजानी

रोम, (एजेंसी)। इटली के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने बुधवार को कहा कि रोम फिलिस्तीनी आंदोलन हमास को एक आतंकवादी संगठन मानता है, और वह तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के हालिया बयान के बाद उसके राजदूत को बुलाने के अनुरोध का अध्ययन करने का इरादा रखता है। श्री एर्दोगन ने बुधवार को कहा कि हमास फिलिस्तीनी लोगों की आजादी के लिए लड़ रहा है। इटली के परिवहन मंत्री माटेओ साल्विनी ने श्री एर्दोगन के बयान को घृणित बताया। उन्होंने कहा कि वह श्री ताजानी को आधिकारिक विरोध भेजने और तुर्की के राजदूत को तलब करना चाहते हैं।

ईरान को सौंपे जाएंगे बंधक! रूस पहुंचे हमास के दल ने किया ऐलान

मास्को। हमास और इजराइल पिछले 20 दिन से युद्ध लड़ रहे हैं। लेकिन जंग थमने की बजाय बढ़ती ही जा रही है। 7 अक्टूबर को पहला हमला हमास ने इजरायल पर किया था, इसके बाद इजरायल ने हजारों मिसाइलें और रॉकेट हमास पर दागे। इन हमलों से हमास बुरी तरह हिल चुका है। लिहाजा हमास का प्रतिनिधिमंडल अब ईरान के मंत्री को लेकर रूस पहुंच गया है। रूस में हुई बैठक के बाद ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि हमास युद्ध के दौरान बंधक बनाएलोगों को रिहा करने और उन्हें ईरान को सौंपने को तैयार है। मॉस्को में रूसी विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में हमास के एक प्रतिनिधिमंडल ने रूसी राष्ट्रपति के विशेष दूत मिखाइल बोगदानोव और विदेश मामलों के उपमंत्री से मुलाकात की। हमास प्रतिनिधिमंडल में मॉस्को में आंदोलन के प्रतिनिधि और राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य डॉ. बासेम नईम भी शामिल थे। ये अहम मीटिंग गाजा पट्टी पर इजराइली अटैक और इजरायली वॉर क्राइम को रोकने को लेकर हुई।

हमास को आतंकी संगठन घोषित करने की अपील

भारत में इज़राइली राजदूत नाओर गिलोन ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भारत सरकार से एक अपील की। गिलोन ने भारत सरकार से हमास को एक आतंकी संगठन घोषित करने की अपील की। गिलोन ने कहा कि अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और दूसरे कई देश पहले ही हमास को आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं और अब भारत को भी ऐसा कर देना चाहिए।

पहले भ्रष्टाचार के आंकड़े आते थे, अब विकास हो रहा: मोदी

पीएम मोदी शिर्डी पहुंचे, सांई मंदिर में की पूजा

शिर्डी ■

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को शिर्डी के साई बाबा समाधि मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने 7500 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भी आप बड़े-बड़े आंकड़े सुनते थे, लेकिन वे होते थे इतने लाख करोड़ का घपला, इतने लाख करोड़ का भ्रष्टाचार। लेकिन आज ये पैसे विकास के लिए खर्च हो रहे हैं। देश को गरीबी से मुक्ति मिले, गरीब से गरीब परिवार को आगे बढ़ने का अवसर मिले, यही सच्चा सामाजिक न्याय है। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर चलती है। आज जब देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है तो गरीब कल्याण के लिए सरकार का बजट भी बढ़ रहा है।

7500 करोड़ की योजनाओं की दी सौगातें

निलवंडे बांध के नहर नेटवर्क का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

जनसभा से पहले पीएम ने शिर्डी के साई मंदिर में नए दर्शन कतार परिसर का भी उद्घाटन किया, इसकी आधारशिला साल 2018 में रखी थी। इसके बाद पीएम ने अहमदनगर के शिर्डी में निलवंडे बांध का जलपूजन किया और बांध का नहर नेटवर्क देश को समर्पित किया। 85 किमी लंबी इस नहर का लाभ 7 तहसीलों (अहमदनगर जिले में 6 और नासिक जिले से 1) के 182 गांवों को मिलेगा।

अयोध्या: दिव्य मंदिर में 12 से 12.45 के बीच भगवान राम होंगे विराजमान

वाराणसी के पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित कराएंगे प्राण प्रतिष्ठा का पूजन

अयोध्या। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री श्री चंपत राय ने गुरुवार को कारसेवकपुरम में प्रेस वार्ता कर श्री राम लला के भव्य एवं दिव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तारीख 22 जनवरी घोषित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने निमंत्रण स्वीकार किया है। प्रतिष्ठा पूजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ.मोहन भागवत भी पूजन में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल प्रोटोकाल शिष्टाचार के तहत प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। चम्पत राय जी ने बताया कि देश के सभी पूजा पद्धति के 4000 संत प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। सन्त समाज से हटकर विभिन्न क्षेत्रों से 2500 लोग जैसे वैज्ञानिक, कलाकर, परमवीर चक्र से सम्मानित परिवारों, बलिदान हुए कारसेवकों के परिवारों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि परिसर में अंदर में बैठने की सीमा तय है। प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित मेहमानों को अनिवार्य रूप से आधारकार्ड लाना आवश्यक होगा। प्राण प्रतिष्ठा का पूजन वाराणसी के विद्वान पंडित लक्ष्मी कांत दीक्षित सम्पन्न करायेंगे। 22 जनवरी को दोपहर 12.00 बजे से 12.45 के बीच प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। राम भक्त प्रतिष्ठा के अगले दिन से रामलाल का दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सम्भवतः 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के पूजन के बाद ही आमंत्रित मेहमानों को रामलला का दर्शन मिल सकेगा। लगभग 3 घंटे से ज्यादा राम जन्मभूमि परिसर में बैठना पड़ेगा।

लश्कर के 5 आतंकियों को सेना ने कश्मीर में किया ढेर

कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो की पहचान नहीं हुई

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में रुश्ष्ट के पास माछिल सेक्टर में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें जवानों ने पांच आतंकियों को मार गिराया। इसमें 3 आतंकी लश्कर से जुड़े थे, वहीं 2 की पहचान नहीं हो सकी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ADGP कश्मीर ने बताया कि आतंकी माछिल सेक्टर में भारत की सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सुरक्षाबलों ने इनके मंसूबों को नाकाम कर दिया। बीते पांच दिनों में कश्मीर में घुसपैठ की यह दूसरी घटना है, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया।

सुरक्षाबलों को हाई-अलर्ट पर रखा

सेना के प्रवक्ता ने बताया था कि इंटेलिजेंस एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इनपुट दिए थे कि हथियारबंद आतंकियों का एक समूह सीमा के इस पार आने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद सुरक्षाबलों को हाई-अलर्ट पर रखा गया और घुसपैठ निरोधी ग्रिड को मजबूत किया गया। 21 अक्टूबर की दोपहर करीब 3 बजे आतंकियों के ग्रुप को सेना के अलर्ट ट्रूप ने रोका था, जिसके बाद आतंकियों ने सेना पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से देर रात तक गोलीबारी होती रही, जिसमें दो आतंकी ढेर हो गए। बाकी आतंकी वापस अपनी सीमा में लौट गए। वे मरे हुए आतंकियों के शव भी ले गए।

महबूबा फिर से पार्टी अध्यक्ष चुनी गई

श्रीनगर, (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को तीन साल के कार्यकाल के लिए फिर से पार्टी अध्यक्ष चुन लिया गया है। पार्टी ने गुरुवार को श्रीनगर में चुनाव कराया। पार्टी के एक नेता ने कहा कि पार्टी उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान वीरी ने अध्यक्ष पद के लिए सुश्री मुफ्ती का नाम प्रस्तावित किया था और पार्टी महासचिव गुलाम नबी हंजुरा ने इसका समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि सुश्री मुफ्ती के पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद ने पीडीपी का गठन 1999 में कांग्रेस छोड़ने के बाद किया था। पार्टी ने 2003 में कांग्रेस के साथ और बाद में 2015 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ प्रदेश में सरकार बनाई थी। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद, कई संस्थापक सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी।

चुनावी सीजन में एक्शन में इलेक्शन कमीशन, हिमंता बिस्वा, प्रियंका गांधी और केंद्र सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाला है। 3 दिसंबर को चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इस बीच चनाव आयोग ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है। चुनाव आयोग ने 26 अक्टूबर को प्रियंका गांधी को नोटिस भेजकर 30 अक्टूबर की शाम तक जवाब देने को कहा है। दरअसल राजस्थान की रैली में प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी का मंदिर को दिए दान का लिफाफा खोला था। इसमें सिर्फ 21 रुपये मिले। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रियंका गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की थी।

हिमंता बिस्वा सरमा को भी नोटिस जारी: अर्जुन राम मेघवाल ने चुनाव आयोग से शिकायत करते हुए कहा कि प्रियंका गांधी ने 20 अक्टूबर को अपने भाषण में एक बयान दिया और आचार संहिता का उल्लंघन किया। धार्मिक भावनाओं से आप झूठ नहीं फैला सकते. चुनाव आयोग ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दरअसल छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार करने गए हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा %अकबर% टिप्पणी की गई थी। वहीं चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए 5 दिसंबर तक चुनाव वाले राज्यों में प्रस्तावित विकसित भारत संकल्प यात्रा न करने को कहा है।

Filmi तड़का

कंगना रनौत पहुंचीं अयोध्या किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत ने गुरुवार को अयोध्या पहुंच रामलला के दर्शन पूजन किये। इस मौके पर अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि आखिरकार राम लला का मंदिर बन गया है। यह हिंदुओं का सदियों पुराना संघर्ष है और हमारी पीढ़ी इस दिन को देख पा रही है। मैंने अयोध्या पर एक स्क्रिप्ट लिखी है और बनाई भी है। ये 600 साल का लंबा संघर्ष है और ये दिन मोदी सरकार और सीएम योगी आदित्यनाथ की वजह से संभव हो पा रहा है...ये हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा तीर्थ स्थल होगा जैसे ईसाइयों के लिए वेटिकन है...ये दुनिया के सामने देश और सनातन संस्कृति का भव्य प्रतीक बनेगा... हमारी फिल्म तेजस में भी राम मंदिर की अहम भूमिका है।

हॉलीवुड स्टार जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ नजर आएंगी जैकलीन

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज ने किक, मर्डर-2, रेस-3, रॉय जैसी फिल्मों से खुद को फिल्म इंडस्ट्री में स्टेबल किया है। इस महीने की शुरुआत में, अभिनेत्री ने हॉलीवुड के बारे में काफी चर्चा पैदा की जब उन्होंने एक्शन सुपरस्टार जीन-क्लाउड वान डेम के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। खबरों की माने तो अब, जैकलीन फर्नांडीज हॉलीवुड एक्शन स्टार जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ एक रोमांचक फिल्म कर रही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें इटली में फिल्माई गई एक फिल्म में वैन डेम के साथ कोलाब्रेशन करने का मौका मिला। इटली में जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ एक फिल्म की शूटिंग कीजैकलीन फर्नांडीज ने जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ अपने हॉलीवुड सहयोग के बारे में खुलकर बात की।

एथिक्स कमेटी के सामने 31 को पेश होंगी महुआ

भाजपा सांसद निशिकांत बोले- सवाल सिर्फ एक महुआ चोर है या नहीं, सच दस्तावेजों में है

नई दिल्ली। टीएमएसी सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने (कैश फॉर क्वेरी) के मामले में 31 अक्टूबर को बुलाया है। एथिक्स कमेटी के चीफ विनोद के सोनकर ने यह जानकारी दी। इसके पूर्व गुरुवार को लोकसभा की एथिक्स कमेटी की सुनवाई हुई। महुआ के वकील जय अनंत देहाद्राई एथिक्स कमेटी के सवालों का जवाब देने पहुंचे। जय अनंत के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे भी कमेटी के सामने पेश हुए। दुबे ने ही टीएमसी सांसद पर आरोप लगाया था कि उन्होंने बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी के कहने पर संसद में सवाल पूछे। पूछताछ के बाद निशिकांत ने कहा कि उन्हें जब भी बुलाया जाएगा, कमेटी के सामने मौजूद रहूंगा। मुझसे जो भी मांगा जाएगा वो सबूत दूंगा, सारा सच कागजों में है।

संक्षिप्त खबरें

दिव्यांगों को उपकरण बांटे

नई दिल्ली। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने उत्तर प्रदेश के मऊ में विकलांग लोगों को आने जाने के लिए विशेष रूप से तैयार उपकरण प्रदान किए हैं। नियोमोशन इंडिया द्वारा विकसित और राउंड टेबल इंडिया द्वारा लागू किया गया 30 दिव्यांगों को ये उपकरण प्रदान किए। इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तपन सिंघल ने कहा कि बजाज और ग्रुप में हम समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाली पहल को सदैव अपनाते आए हैं।

डिजिटल एयर फ्रायर लांच

नई दिल्ली। प्रेस्टीज ने अपने नए प्रेस्टीज क्रिस्टा इलेक्ट्रिक डिजिटल एयर फ्रायर को लांच किया है। यह आधुनिक उपकरण आपके खाना पकाने के अनुभव में बड़ा बदलाव लाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। क्रिस्टा डिजिटल एयर फ्रायर के सबसे महत्वपूर्ण फीचर्स में एक इसके 9 प्रीसेट कुकिंग फंक्शंस है, जिसमें फूड आइटम को तल सकते हैं, भून सकते हैं, सेंक सकते हैं। इस प्रोडक्ट का सिंगल वैरिएंट 4.5 लीटर में काले रंग में उपलब्ध है। इसके अलावा प्रेस्टीज क्रिस्टा इलेक्ट्रिक डिजिटल एयर फ्रायर 1600 वॉट की पावर और 1 साल की वारंटी का दावा करता है।

पीएनबी को चार गुना लाभ

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ चार गुना होकर 1,756.13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। ब्याज आय बढ़ने और फंसे कर्जों के लिए प्रावधान की जरूरत कम होने से उसका लाभ बढ़ा है। पीएनबी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को जुलाई-सितम्बर तिमाही के वित्तीय नतीजों की जानकारी देते हुए कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 411.27 करोड़ रुपये रहा था। बैंक की ब्याज आय 31 प्रतिशत बढ़कर 26,355 करोड़ रुपये रही।

केनरा बैंक को मुनाफा

नई दिल्ली। केनरा बैंक का चालू वित्त वर्ष की सितम्बर में समाप्त दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 3,606 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। ब्याज आय बढ़ने और डूबे कर्ज के लिए प्रावधान घटने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 2,525 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। तिमाही के दौरान बेंगलुरु के इस बैंक की शुद्ध ब्याज आय 19.76 प्रतिशत बढ़कर 8,903 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। समीक्षाधीन अवधि में बैंक का कुल प्रावधान घटकर 2,608 करोड़ रुपये रह गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,637 करोड़ रुपये था।(एजेंसियां)

मालवेयर बना क्रिप्टोकरेंसी जेनरेट करने वाला साफ्टवेयर

■ हर दो घंटे में कंप्यूटर से जानकारी चुराता है स्ट्राइप्ड फ्लाई ■ वाईफाई पासवर्ड, फोन नंबर चुराने पर देता है ज्यादा ध्यान

फुकेट (भाषा)।

साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्पर स्काई ने मालवेयर 'स्ट्राइप्ड फ्लाई' के प्रति सचेत करते हुए कहा है कि इसने पिछले छह साल में दुनियाभर में दस लाख से अधिक लोगों को प्रभावित किया है।

रूस की इकाई ने यहां जारी एक रिपोर्ट में कहा कि शुरुआत में स्ट्राइप्ड फ्लाई एक क्रिप्टोकरेंसी 'माइनर' के रूप में काम कर रहा था, अब यह एक जटिल मालवेयर बन गया है, जो कई तरह से नुकसान पहुंचा रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'कैस्पर स्काई के विशेषज्ञों ने पहले से अज्ञात, अत्यधिक परिष्कृत स्ट्राइप्ड फ्लाई मालवेयर का पता लगाया है। 2017 से इस वैश्विक पहुंच वाले मालवेयर ने 10 लाख से अधिक लोगों को प्रभावित किया है।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह मालवेयर हर दो घंटे में जानकारी चुराता है। यह साइट और वाई-फाई लॉगइन ब्योरे जैसे संवेदनशील आंकड़ों के साथ-साथ नाम, पता, फोन नंबर, कंपनी और नौकरी के बारे में व्यक्तिगत डेटा की चोरी करता है।

- नाम, पता व नौकरी की जानकारी भी चुराता है वायरस
- इससे बचने को एंटी वायरस सिस्टम को करें अपडेट
- आपके उपकरण का स्क्रीन शॉट भी लेता है वायरस

इसके अलावा यह मालवेयर प्रभावित व्यक्ति के उपकरण का स्क्रीन शॉट ले लेता है, और संबंधित व्यक्ति को इसका पता नहीं चलता है। कैस्पर स्काई के शोधकर्ताओं ने स्ट्राइप्ड फ्लाई मालवेयर के हमले से बचने के लिए कुछ उपाय सुझाए हैं।

उन्होंने कहा, 'इसके हमले से बचने के लिए आपको अपनी आपरेटिंग प्रणाली, एप्लिकेशन और एंटीवायरस साफ्टवेयर को नियमित रूप से 'अपडेट' करना चाहिए।

अर्थव्यवस्था के भविष्य पर राजन ने लिखी पुस्तक

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन और अर्थशास्त्री रोहित लांबा ने भारतीय अर्थव्यवस्था के भविष्य पर एक किताब लिखी है। 'ब्रेकिंग द मोल्डः रीइमेजिनिंग इंडियाज इकनॉमिक फ्यूचर' नाम की इस किताब में अर्थव्यवस्था के आकार और रोजगार देने की क्षमता जैसे महत्वपूर्ण सवालों के जवाब तलाशे गए हैं।

पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के बिजनेस इंप्रिंट के तहत दिसम्बर में प्रकाशित होने वाली यह किताब अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों पर प्रकाश डालती है।

जेल में मोबाइल रखना अब नहीं होगा आसान



नई दिल्ली (भाषा)। अब एक ऐसी प्रौद्योगिकी आई है जो एक मीटर की सटीकता के साथ किसी मोबाइल फोन की मौजूदगी वाली जगह के बारे में बता सकती है। इसकी मदद से जेलों में अवैध रूप से इस्तेमाल होने वाले मोबाइल फोन को भी पकड़ा जा सकता है। इस प्रौद्योगिकी को यहां आयोजित रक्षा एवं सुरक्षा प्रदर्शनी 'मिलिपोल इंडिया-2023' में प्रदर्शित किया गया। इसका विकास सुरक्षा एवं संचार प्रौद्योगिकी कंपनी श्यामवीएनएल ने किया है।

कंपनी के मुताबिक, इस तकनीक को जेलों में तैनात किया जा सकता है। इसमें एक परिधि के भीतर मौजूद सभी मोबाइल संचार को बाधित करने, मोबाइल उपकरणों की सटीक पहचान और एक मीटर की सटीकता के साथ मोबाइल उपकरणों के स्थान को दर्ज करने की क्षमता है। कंपनी ने कहा, 'अपराधियों और बदमाशों ने जेलों के भीतर रहते हुए अवैध गतिविधियों को अंजाम देने के लिए मोबाइल फोन का तेजी से इस्तेमाल किया है। हाल में कई बड़े मामलों का सुराग जेलों के अंदर मोबाइल नेटवर्क कवरेज और अवैध मोबाइल उपकरणों से मिला है।' कंपनी का दावा है कि इस तकनीक से दूरसंचार सेवाप्रदाताओं पर निर्भरता खत्म कर जेलों में फोन का उपयोग करने वाले अपराधियों पर काबू पाने में अधिकारियों को आसानी होगी। यह जेलों में मोबाइल फोन के अवैध इस्तेमाल को रोकने, महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बढाने और भीड़भाड़ वाले इलाकों में व्यवस्था बनाए रखने के व्यापक एवं प्रभावी साधन का वादा करता है।

विशेष ईंधन का उत्पादन करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हुआ भारत

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत ने वाहनों के परीक्षण में इस्तेमाल होने वाले विशिष्ट ईंधन 'रेफरेंस' पेट्रोल और डीजल का बृहस्पतिवार को उत्पादन शुरू कर दिया। इसके साथ ही भारत इस अत्यधिक विशिष्ट ईंधन का उत्पादन करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसे पेश करते हुए कहा कि देश में 'रेफरेंस' ईंधन का उत्पादन शुरू होना आत्मानिर्भर भारत की दिशा में उठाया गया एक और कदम है क्योंकि इससे आयात की जरूरत खत्म हो जाएगी। उच्च क्षमता वाले रेफरेंस ईंधन का इस्तेमाल वाहन विनिर्माता और वाहन जांच एजेंसियां नए माडल के परीक्षण के लिए करती हैं। भारत दशकों से इन विशेष ईंधनों की मांग को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर रहा है। लेकिन अब सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने ऐसे उत्पाद विकसित किए हैं जो आयातित उत्पादों की जगह लेंगे।

पुलिस बल के लिए हेलमेट से जुड़े गुणवत्ता नियम जारी

■ बोतल बंद पानी, वाटर डिस्पेंसर व डोर फिटिंग के गुणवत्ता नियम भी जारी

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने घटिया वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाने और इनके घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए पुलिस बल के लिए हेलमेट, बोतलबंद पानी के डिस्पेंसर और दरवाजे की फिटिंग (डोर फिटिंग्स) के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड जारी किए हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इस बारे में 23 अक्टूबर को तीन अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। ये हैं पुलिस बल, नागरिक सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए हेलमेट (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2023, बोतलबंद पानी डिस्पेंसर (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2023, और डोर फिटिंग (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2023।

इन अधिसूचनाओं के अनुसार, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के निशान के बिना इन वस्तुओं का उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण नहीं किया जा सकता है। डीपीआईआईटी ने कहा कि ये आदेश अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह महीने से प्रभावी होंगे। घरेलू लघु, सूक्ष्म उद्योगों को संरक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) के सुगमता से क्रियान्वयन तथा कारोबार सुगमता के लिए लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को इनकी समयसीमा से कुछ छूट दी गई है। लघु उद्योगों को इसके लिए जहां नौ माह का अतिरिक्त समय दिया गया है वहीं सूक्ष्म उद्योगों को 12 माह का अतिरिक्त समय मिलेगा।

डीपीआईआईटी बीआईएस और अन्य अंशधारकों के साथ विचार-विमर्श में उन महत्वपूर्ण उत्पादों की पहचान कर रहा है जिनके लिए क्यूसीओ जारी करने की जरूरत है। इसके चलते 318 उत्पाद मानदंडों को शामिल करते हुए 60 से अधिक नए क्यूसीओ जारी किए गए हैं। बीआईएस कानून के पहली बार उल्लंघन पर दो साल की सजा या कम से कम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

एलएनजी आयात बिल घटा सकता है भारत

■ बायोगैस के जरिए इसमें लाई जा सकती है 29 अरब डालर तक की कमी

नई दिल्ली (भाषा)।

प्राकृतिक गैस की जगह बायोगैस और बायोमीथेन की खपत वर्ष 2030 तक 20 प्रतिशत बढ़ाने से भारत को अपने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात बिल में वित्त वर्ष 2024-25 से 2029-30 के बीच 29 अरब अमेरिकी डालर की कमी करने में मदद मिल सकती है। एक नई रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की रिपोर्ट में अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में कमी और नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि सहित विस्तारित बायोगैस परियोजनाओं के पर्यावरणीय लाभ को रेखांकित किया गया है।

रिपोर्ट की लेखिका और आईईईएफए में ऊर्जा विश्लेषक पूर्वा जैन के अनुसार, 'बायोगैस में प्राकृतिक गैस और अन्य उच्च उत्सर्जन वाले जीवाश्म ईंधन की जगह लेने की क्षमता है। कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन सल्फाइड जैसी अशुद्धियों को खत्म करके, इसकी मीथेन सामग्री को 90 प्रतिशत तक उन्नत किया जा सकता है जिससे यह कैलोरी के लिहाज से प्राकृतिक गैस के बराबर हो जाती है।'

सिलिकॉन वैली की एआई कंपनी पहुंची बिहार

वाशिंगटन (भाषा)।

सिलिकॉन वैली की एक कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी ने बिहार में कार्यालय खोला है, जिससे यह अमेरिका से राज्य में प्रवेश करने वाली पहली आईटी कंपनी बन गई है। सांता क्लारा मुख्यालय वाली टाइगर एनालिटिक्स ने इस महीने पटना में अपना पहला कार्यालय खोला है।

टाइगर एनालिटिक्स के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) महेश कुमार ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा, 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमने जो शुरुआती कदम उठाए हैं, उनसे आगे चलकर काफी प्रगति हो सकती है।' फिलहाल कंपनी के भारत में लगभग 4,000 कर्मचारी हैं। इनमें से ज्यादातर चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में हैं।

सेंसेक्स 901 अंक टूटा

मुंबई (भाषा)। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से पैदा हुए दबाव के बीच बृहस्पतिवार को भारी बिकवाली हुई और घरेलू शेयर बाजार लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरकर बंद हुए। निवेशक धारणा कमजोर होने से मानक सूचकांक सेंसेक्स लगभग 900 अंक की भारी गिरावट के साथ 64,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में सुस्त रुझानों के अलावा वाहन, वित्तीय एवं ऊर्जा शेयरों में भारी गिरावट के साथ विदेशी निवेशकों की ताजा बिकवाली ने भी बड़े पैमाने पर निराशा का माहौल बनाया है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 900.91 अंक यानी 1.41 प्रतिशत टूटकर 64,000 अंक से बहुत नीचे 63,148.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 956.08 अंक तक गिरकर 63,092.98 अंक पर आ गया था।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 264.90 अंक यानी 1.39 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 18,857.25 पर खिसक आया। यह शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार छठा सत्र रहा। गिरावट के इस दौर में अबतक सेंसेक्स में कुल 3,279.94 अंक यानी 4.93 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आ चुकी है जबकि निफ्टी 954.25 अंक यानी 4.81 प्रतिशत कमजोर हुआ है। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 4.06 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी खासी गिरावट रही।

आवास क्षेत्र में 71% बढ़ा निवेश

नई दिल्ली (भाषा)।

देश में चालू कैलेंडर साल की जुलाई-सितम्बर तिमाही के दौरान आवासीय संपत्तियों में संस्थागत निवेश 71% बढ़कर 29.83 करोड़ डालर हो गया है। रियल एस्टेट सलाहकार वेस्टियन की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले समान अवधि में आवास खंड में संस्थागत निवेश का आंकड़ा 17.43 करोड़ डालर था।

वेस्टियन की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र को 2023 कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही में कुल मिलाकर 67.99 करोड़ डालर का संस्थागत निवेश मिला है, जो पिछले साल की समान अवधि के 37.43 करोड़ डालर से 82 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, विदेशी कोषों के प्रवाह में उल्लेखनीय गिरावट की वजह से जुलाई-सितम्बर की अवधि में इससे पिछली तिमाही की तुलना में कुल संस्थागत निवेश में 57 प्रतिशत की गिरावट आई है।

वेस्टियन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनिवास राव ने कहा, ''चुनौतीपूर्ण वृहद आर्थिक माहौल में विदेशी निवेशकों की रुचि घटने से सितम्बर तिमाही में संस्थागत निवेश सुस्त पड़ा है।' हालांकि, राव ने कहा कि बड़ी कंपनियां अब अपने कर्मचारियों को कार्यालय बुला रही हैं, जिससे देश में कार्यालय स्थल की मांग में तेजी आ सकती है। ''ऐसे में आगामी तिमाहियों में रियल एस्टेट में निवेश बढ़ सकता है।' तीसरी तिमाही में कुल संस्थागत निवेश में घरेलू निवेशकों का हिस्सा बढकर 71 प्रतिशत हो गया। वहीं विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी पिछले साल की समान अवधि के 55 प्रतिशत से घटकर 27 प्रतिशत रह गई है।

'मुक्त सीमापार आंकड़ों के प्रवाह की प्रतिबद्धताओं पर सहमति न दे भारत'

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत को 14 सदस्यीय हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा (आईपीईएफ) के तहत आंकड़ों के सीमापार मुक्त प्रवाह को लेकर बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं पर सहमत नहीं होना चाहिए। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह राय जताई है। शोध संस्थान का मानना है कि ऐसा करने पर भारत के लिए नीतिगत गुंजाइश बंद हो जाएगी।

आईपीईएफ को 23 मई को टोक्यो में अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य भागीदार देशों द्वारा संयुक्त रूप से पेश किया गया था। 14 आईपीईएफ भागीदारों का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 40 प्रतिशत और वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार में 28 प्रतिशत हिस्सा है।

देहरादून-मसूरी रोपवे का काम शुरू

■ देश की सबसे लंबी रोपवे परियोजना पर एफआईएल इंडस्ट्रीज कर रही काम

नई दिल्ली (भाषा)।

एफआईएल इंडस्ट्रीज की अगुवाई वाले गठजोड़ ने देहरादून को मसूरी से जोड़ने वाली भारत की सबसे लंबी रोपवे परियोजना का काम शुरू कर दिया गया है।

कंपनी ने बयान में बताया कि 300 करोड़ रुपये की मोनो-केबल रोपवे परियोजना सितम्बर, 2026 तक तैयार हो जाएगी। देहरादून और मसूरी को जोड़ने वाले 5.5 किलोमीटर लंबे रोपवे का निर्माण मसूरी स्काई कार कंपनी प्राइवेट कर रही है, जो एफआईएल इंडस्ट्रीज की अगुवाई वाला गठजोड़ है। इसमें प्रौद्योगिकी भागीदार पोमा एसएएस फ्रांस और एसआरएम इंजीनियरिंग एलएलपी भी शामिल हैं।

एफआईएल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि रोपवे से देहरादून-मसूरी का सफर सिर्फ 15 मिनट में तय होगा, जिसमें फिलहाल सड़क मार्ग से 1.5 से तीन घंटे लगते हैं।

गुणवत्ता वाले बीज देगी नई सहकारी समिति : शाह

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने का आह्वान किया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) का गठन बीजों का घरेलू उत्पादन बढाने के अलावा प्रमाणित बीजों के निर्यात के लिए किया गया है। नवगठित भारतीय बीज सहकारी समिति द्वारा आयोजित 'सहकारी क्षेत्र के जरिये बेहतर और परंपरागत बीजों के उत्पादन' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शाह ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

बीबीएसएसएल को भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लि. (इफको), कृषक भारती कोऑपरेटिव लि. (कृभको) भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने संयुक्त रूप से प्रवर्तित किया है। इस कार्यक्रम में शाह ने बीबीएसएसएल का प्रतीक चिह्न (लोगो), वेबसाइट और विवरण पुस्तिका जारी की। उन्होंने बीबीएसएसएल के सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बीबीएसएसएल ने अभी छोटी शुरुआत की है, लेकिन यह सहकारी समिति देश के बीज उत्पादन में बड़ा योगदान देगी।

भारत में विनिर्माण क्षमता बढ़ा रही है टोयोटा

टोक्यो (भाषा)।

जापान की वाहन कंपनी टोयोटा मोटर कारपोरेशन ने भारत में विनिर्माण क्षमता बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। देश में उसके दो संयंत्र पूरी क्षमता पर परिचालन कर रहे हैं। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

यहां 'जापान मोबिलिटी शो' के मौके पर मीडिया से अलग से बात करते हुए टोयोटा बोर्ड के सदस्य और कार्यकारी उपाध्यक्ष योइची मियाजाकी ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी भारत में अपने संयंत्र के पूरे क्षमता इस्तेमाल पर पहुंच गई है। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी देश में क्षमता बढ़ाने के लिए नया निवेश करेगी, उन्होंने कहा, ''हमने इस बारे में चर्चा शुरू की है।'

छह साल के उच्च स्तर पर पहुंचा पी नोट्स निवेश

■ सितम्बर में बढ़कर 1.33 लाख करोड़ पर पहुंचा ■ लगातार सातवें महीने में इसमें दर्ज हुई है बढ़ोतरी

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिये निवेश सितम्बर के अंत तक छह साल के उच्चस्तर 1.33 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह लगातार सातवां महीना है जबकि पी-नोट्स के जरिये निवेश में मासिक आधार पर बढ़ोतरी हुई है। यह वृहद आर्थिक बुनियाद की मजबूती को दर्शाता है।

सेबी के आंकड़ों से पता चलता है कि यह जुलाई, 2017 के बाद पी-नोट्स के जरिये निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। उस समय पी-नोट्स के जरिये निवेश 1.35 लाख करोड़ रुपये पर था।

ताजा आंकड़ों में शेयरों, बांड और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में निवेश का ब्योरा शामिल है। पार्टिसिपेटरी नोट्स पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा उन विदेशी निवेशकों को जारी किए जाते हैं जो सीधे खुद को पंजीकृत किए बिना भारतीय शेयर बाजार का हिस्सा बनना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें पूरी जांच-परख की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

सेबी के आंकड़ों के अनुसार, सितम्बर के अंत तक भारतीय बाजारों -शेयर, ऋण या बांड और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में पी-नोट्स के जरिये निवेश 1,33,284 करोड़ रुपये था। एक महीने पहले यह आंकड़ा 1,28,249 करोड़ रुपये था।

इसकी तुलना में, जुलाई में इस मार्ग से निवेश 1.23 लाख करोड़ रुपये, जून में 1.13 लाख करोड़ रुपये, मई के अंत में 1.04 लाख करोड़ रुपये, अप्रैल के अंत में 95,911 करोड़ रुपये, मार्च के अंत में 88,600 करोड़ रुपये और फरवरी के अंत में 88,398 करोड़ रुपये था। जनवरी के अंत में यह 91,469 करोड़ रुपये था।

पी-नोट्स के जरिये निवेश में बढ़ोतरी काफी हद तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के प्रवाह से जुड़ी हुई है।

क्रिकेट : श्रीलंका की वर्ल्ड कप में इंग्लैंड पर लगातार पांचवीं जीत

शर्मनाक : वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर!, 8 विकेट से जीता श्रीलंका

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड वर्ल्ड कप की सेमीफाइनल की रेस से शर्मनाक तरीके से बाहर हो गया है। श्रीलंका ने गुरुवार को यहां 146 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके गत चैंपियन को अगर मगर की कठिन डगर पर धकेल दिया। श्रीलंका की यह विश्व कप में इंग्लैंड पर लगातार पांचवीं जीत है। उसने 2003 से अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कोई मैच नहीं गंवाया है। वर्तमान विश्व कप में इंग्लैंड की पांच मैच में यह चौथी पराजय है जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना क्षीण पड़ गई है। श्रीलंका ने पांच मैच में दूसरी जीत दर्ज करके पांचवें स्थान पर पहुंचकर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है।

■ वर्तमान विश्व कप में इंग्लैंड की पांच मैच में चौथी हार

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.2 ओवर में 156 रन पर आउट हो गई। श्रीलंका ने 25.4 ओवर में दो विकेट पर 160 रन बनाकर मैच को एक तरफा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पाथुम निसांका ने 83 गेंद पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 77 रन बनाए। सदीरा समरविक्रमा ने 54 गेंद पर नाबाद 65 रन की पारी खेली जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल है। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 137 रन की अटूट साझेदारी की।

कुमारा ने झटके तीन विकेट

इंग्लैंड को अपने आक्रामक रवैये पर लौटने की जरूरत थी, लेकिन बल्लेबाजों के गैरजिम्मेदाराना प्रदर्शन से उसकी टीम 33.2 ओवर में आउट हो गई। असमान उछाल ले रही पिच पर उसके बल्लेबाज जूझते हुए नजर आए। बेन स्टोक्स (73 गेंद पर 43 रन) को छोड़कर उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। श्रीलंका की तरफ से लाहिरु कुमारा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 35 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि एंजेलो मैथ्यूज और कासुन रजिता ने दो-दो विकेट लिए।

अब शीर्ष-4 की संभावना

इंग्लैंड टीम को टॉप-4 में प्रवेश करने के लिए दूसरी टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर रहना होगा। मुकाबला गंवाने के बाद इंग्लैंड सेमीफाइनल में चौथे स्थान के लिए दावेदारी कर सकती है। उसका कॉम्पिटिशन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और अफगानिस्तान से होगा। यहां से आगे बढ़ने के लिए इंग्लैंड को अपने शेष मुकाबले अच्छे नेट रन रेट के साथ जीतने होंगे।

9वें स्थान पर इंग्लैंड

श्रीलंका से मिली हार के बाद इंग्लैंड पॉइंट्स टेबल के 9वें स्थान पर है, जबकि श्रीलंकाई टीम 5वें नंबर पर आ गई है। इस हार के बाद इंग्लैंड वर्ल्ड कप की सेमीफाइनल रेस से लगभग बाहर हो गई है। इंग्लिश टीम के खाते में 5 मुकाबलों के बाद एक जीत और 4 हार के बाद 2 अंक हैं। इंग्लैंड के 4 मैच बचे हैं। ऐसे में अगले सभी मुकाबले जीतने पर भी 10 अंक तक ही पहुंच सकती है।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड	रन	गेंद	4	6
बेयरस्टो का डिसिल्वा बो रजिता	30	31	3	0
मलान का मेंडिस बो मैथ्यूज	28	25	6	0
जो रूट रन आउट	03	10	0	0
स्टोक्स का रत्नायाकपन्न बो कुमारा	43	73	6	0
बटलर का मेंडिस बो कुमारा	08	06	1	0
लिविंगस्टोन पनबाथ बो कुमारा	01	06	0	0
अली का फरेरा बो मैथ्यूज	15	15	1	0
वोक्स का समरविक्रमा बो रजिता	00	04	0	0
डेविड विली नाबाद	14	17	1	1
आदिल राशिद रन आउट	02	07	0	0
मार्क वुड लट मेंडिस बो तीक्षणा	05	06	1	0

अतिरिक्त : 07, कुल : 33.2 ओवर में 156/10

गेंदबाजी : मदुशंका 5-0-37-0, रजिता 7-0-36-2, तीक्षणा 8.2-1-21-1, मैथ्यूज 5-1-14-2, कुमारा 7-0-35-3, डिसिल्वा 1-0-10-0.

इश्रीलंका	रन	गेंद	4	6
पाथुम निसांका नाबाद	77	83	7	2
फरेरा का स्टोक्स बो विली	04	05	1	0
मेंडिस का बटलर बो विली	11	12	2	0
सदीरा समरविक्रमा नाबाद	65	54	7	1

अतिरिक्त : 03, कुल : 25.4 ओवर में 160/2

गेंदबाजी : वोक्स 6-0-30-0, विली 5-0-30-2, राशिद 4.4-0-39-0, वुड 4-0-23-0, लिविंगस्टोन 3-0-17- 0, अली 3-0-21-0.

शीर्ष स्कोरर

क्विंटन डिकॉक
407 रन
दक्षिण अफ्रीका

शीर्ष विकेट टेकर

एडम जम्पा
13 विकेट
ऑस्ट्रेलिया

वर्ल्ड कप : अंक तालिका

टीम	खेले	जीते	हारे	अंक
भारत	5	5	0	10
द. अफ्रीका	5	4	1	8
न्यूजीलैंड	5	4	1	8
ऑस्ट्रेलिया	5	3	2	6
श्रीलंका	5	2	3	4
पाकिस्तान	5	2	3	4
अफगानिस्तान	5	2	3	4
बांग्लादेश	5	1	4	2
इंग्लैंड	5	1	4	2
नीदरलैंड्स	5	1	4	2

टेबल टेनिस

सोहम और रियाना को राष्ट्रीय अंडर-15 खिताब

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

आठवें वरीय सोहम मुखर्जी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए गुरुवार को यहां रुपम सरदार को 3-1 से हराकर दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप में अंडर-15 लड़कों का खिताब जीता। रियाना भूटा ने अंडर-15 लड़कियों के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अविशा करमाकर को 3-2 से हराकर खिताब जीता।

रियाना ने पहला गेम गंवा दिया था लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की। बाएं हाथ से खेलने वाली इस खिलाड़ी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी की कमजोरी को अच्छी तरह से भुनाया। अविशा ने भी चौथा गेम जीतकर मैच को 2-2 से बराबरी पर ला दिया लेकिन पांचवें और निर्णायक गेम में रियाना के आक्रामक खेल के सामने उनकी एक नहीं चली।

आर्यन ने प्रज्ञानानंदा को ड्रॉ पर रोका, हारे विदित

आइल आफ मैन। ग्रैंडमास्टर और विश्व कप रजत पदक विजेता आर प्रज्ञानानंदा को फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में हमवतन आर्यन चोपड़ा ने ड्रॉ पर रोका जबकि डी गुकेश ने अजरबैजान के रऊफ मामेदोव से पहले दौर में ड्रॉ खेला। भारत के रौनक साधवानी ने चौथी वरीयता प्राप्त अनीश गिरि को ड्रॉ पर रोका। दिल्ली के युवा ग्रैंडमास्टर चोपड़ा अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर पहचान बनाने की कवायद में जुटे हैं। काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने प्रज्ञानानंदा को बांधे रखा और आखिर में 33 चालों के बाद बाजी ड्रॉ रही। दूसरी ओर गुकेश ने मामेदोव को आक्रामक खेलने का मौका ही नहीं दिया। दोनों के बीच बाजी सिर्फ 23 चालों तक चली। इस बीच अमेरिका के फेबियानो कारूआना ने क्रोएशिया के इवान सारिच को हराया। भारत के अर्जुन एरिगेसी ने जर्मनी के फ्रेडरिक स्वान को मात दी। महिला वर्ग में सविता श्री ने इस्राइल की मार्सेल एफ्रोइम्सिकी को हराया। तानिया सचदेव ने द्रोणवल्ली हरिका को ड्रॉ पर रोका। कजाखस्तान की मेरूर्ट कमालिदेनोवा ने वंतिका अग्रवाल को शिकस्त दी। आर वैशाली ने पोलैंड की ओलिविया कियोलबासा और दिव्या देशमुख ने तृषा कन्यामाराला को हराया।

खबर संक्षेप

गोवा राष्ट्रीय खेल में तीन खिलाड़ी चोटिल

पणजी। गोवा में राष्ट्रीय खेलों के दौरान विभिन्न खेल स्पर्धाओं में दो रग्बी खिलाड़ी और एक भारोत्तोलक घायल हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र टीम के रग्बी खिलाड़ी भरत चौहान (27) को बुधवार को चोट लगी जिन्हें गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल में भर्ती कराया गया और उनका आपरेशन हुआ है। गोवा के रग्बी खिलाड़ी सोहन शिरोडकर (25) को भी चोट लगी है और उन्हें भी इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केरल की भारोत्तोलन टीम के सदस्य बिस्वा वर्गुस (26) को भी चोट लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया।

नीदरलैंड को जोरदार वापसी की उम्मीद

नई दिल्ली। नीदरलैंड को आईसीसी विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 309 रन की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा लेकिन

उनके कोच रयान कुक को उम्मीद है कि टीम आगामी मैचों में वापसी कर सेमीफाइनल में जगह बनाने के अपने सपने के करीब पहुंचने के लिए जोर लगाएगी। कुक ने कहा, 'हम अब जिस टीम के खिलाफ भी खेलेंगे उसका सामना डट कर करेंगे। हमारे चार मैच बचे हुए हैं। और हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक जीत दर्ज करने का होगा।'

पहले मैच में पाक से भिड़ेगी भारत की जूनियर हॉकी टीम

जोहोर। पुरुष जूनियर एशिया कप जीतने के बाद भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर कप के पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन को जगह मिली है। जोहोर कप के गत चैंपियन भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ हुए पिछले मुकाबले में जून में जूनियर एशिया कप में 2-1 की जीत के साथ रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीता था।

भारत ने एशियाई पैरा खेलों में रचा इतिहास, जीते रिकॉर्ड 82 पदक

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने गुरुवार को यहां इतिहास रचते हुए एशियाई पैरा खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाते हुए अपने कुल पदक की संख्या को 82 तक पहुंचाया जिसमें 18 स्वर्ण भी शामिल हैं। भारत ने इंडोनेशिया में 2018 में 72 पदक जीतने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। भारत ने अब तक 18 स्वर्ण, 23 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 82 पदक जीते हैं। खेलों में अब दो दिन बाकी हैं और भारत हांगझोउ खेलों में 100 पदक जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। भारत ने जकार्ता में पिछले पैरा एशियाई खेलों में 15 स्वर्ण, 24 रजत और 33 कांस्य पदक सहित 72 पदक जीते थे। गुरुवार को पुरुष एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में सचिन सर्जेराव ने 16.03 मीटर के खेलों के रिकॉर्ड थ्रो के साथ भारत को दिन का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। रोहित कुमार ने 14.56 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

अब तक जीते 18 स्वर्ण, 23 रजत और 41 कांस्य

बैडमिंटन में कांस्य

पैरा बैडमिंटन में सुकांत इंदूकांत कदम (पुरुष एकल एसएल4), सिवन नित्या सुमथी (महिला एकल एसएच6), मनीषा रामदास (महिला एकल एसयू5), मनदीप कौर और मनीषा (महिला युगल एसएल3-एसयू5), कृष्णा नागर और सिवराजन एस (पुरुष युगल एसएच6) तथा प्रमोद भगत और सुकांत (पुरुष युगल एसएल3-एसएल4) ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले गंवाने के बाद कांस्य पदक जीते। शतरंज में भावेशकुमार रति हिमांशी ने महिला व्यक्तिगत स्टैंडर्ड वी1-बी1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

सिद्धार्थ ने सोने पर साधा निशाना

पैरा निशानेबाज सिद्धार्थ बाबू ने आर6 मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा में 247.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शीतल देवी और राकेश कुमार की तीरंदाजी की कंपाउंड मिश्रित टीम ने चीन के लिन युएशान और ऐइ शिनलियांग को फाइनल में 51-149 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी और नवीन दलाल की तीरंदाजी पुरुष युगल जोड़ी ने डब्लूवन स्पर्धा में कजाखस्तान की जोड़ी को 125-120 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

मोदी ने किया राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶| मडगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले नौ वर्षों में खेलों पर खर्च तीन गुना बढ़ाया और दोहराया कि भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है।

मडगांव के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि गोवा में इन खेलों का आयोजन तब किया जा रहा है जब भारतीय खेल नहीं ऊंचाइयां छू रहे हैं। मोदी ने कहा, 'हमने खिलाड़ियों को वित्तीय लाभ दिलाने के लिए योजनाओं में बदलाव किया है।' राष्ट्रीय खेलों का आयोजन गोवा में 26 अक्टूबर से 9 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें देश भर के 10000 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इन खेलों में कुल 43 खेल शामिल हैं जिनका आयोजन 28 स्थलों में किया जाएगा।

महिला फुटबॉल टीम को जापान ने 7-0 से हराया...

ताशकंद। भारतीय महिला टीम को गुरुवार को यहां लोकोमोतिव स्टेडियम में एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफाइंग फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दौर के पहले मैच में जापान के खिलाफ 0-7 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। मुख्य कोच थॉमस डेनर्बी के मार्गदर्शन में खेल रही भारतीय टीम ने पहले हाफ में जापान को कड़ी टक्कर दी और मध्यांतर तक भारत के खिलाफ सिर्फ एक गोल हुआ था। योशिनो नाकाशिमा ने 17वें मिनट में गोल दागकर जापान को बढ़त दिलाई। दुनिया की आठवें नंबर टीम जापान हालांकि दूसरे हाफ में बदली हुई रणनीति के साथ खेली और दूसरे हाफ के शुरुआती 11 मिनट मे ही चार गोल दाग दिए। जापान ने 56वें मिनट तक स्कोर 5-0 कर दिया। किको सेइके और हिकारू नाओमोतो ने दो और गोल दागकर जापान की आसान जीत सुनिश्चित की।

भारतीय जूनियर महिला टीम ने जीता स्वर्ण पदक

नई दिल्ली। सोनम उत्तम मस्कर, गौतमी भनोट और जैस्मिन कौर की भारतीय महिला जूनियर 10 मीटर एयर राइफल टीम ने गुरुवार को कोरिया के चांगवोन में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में जूनियर मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय तिकड़ी 1891.6 अंक के साथ शीर्ष पर रही। सोनम ने 632.6, गौतमी ने 631.9 और जैस्मिन ने 627.1 के साथ 1883.3 अंक के जूनियर एशियाई रिकॉर्ड को तोड़ा जो 2019 में मेहुली घोष, इलावेनिल वलारिवान और श्रेय अग्रवाल ने 2019 में बनाया था। गौतमी ने 251.3 अंक के साथ व्यक्तिगत रजत पदक भी जीता। चीन की जियाओ रुओशुआन ने 252.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सोनम चौथे स्थान पर रही। पुरुष युवा 10 मीटर एयर राइफल में अभिनव चौधरी ने 241.8 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि प्रियांशु यादव चौथे स्थान पर रहे।

हार से बाबर आजम की कप्तानी पर भी गाज गिरने की संभावना

पाकिस्तान के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

हार की हैट्रिक के बाद पाकिस्तान को विश्व कप में बने रहने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को 'करो या मरो' का मुकाबला खेलना है क्योंकि इसमें हारने पर नॉकआउट के रास्ते तो बंद होगे ही, बाबर आजम की कप्तानी पर भी गाज गिर सकती है। पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना झेल रहे बाबर को पता है कि इस मैच में हारने का हश्र क्या हो सकता है।

अब से पाकिस्तान को हर मैच जीतना है और यह दुआ भी करनी है कि आस्ट्रेलिया बाकी चार में से कम से कम दो मैच हारे। इस अहम मैच से पहले टीम और बाबर पर दबाव बनाते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'विश्व कप में टीम के प्रदर्शन को देखते हुए आगे बोर्ड वही फैसले लेगा जो पाकिस्तान क्रिकेट के हित में है। इस समय पीसीबी प्रशंसकों, पूर्व खिलाड़ियों और संबंधित पक्षों से टीम के साथ खड़े रहने का आग्रह करता है।' क्रिकेट जगत में कहा जाता है कि पाकिस्तान टीम कब क्या कर गुजरे, कोई नहीं जानता। एक दिन वह विश्व विजेता नजर आती है तो अगले ही दिन कमजोर सी टीम से हार भी सकती है। विश्व कप जैसे टूर्नामेंट में पाकिस्तान का फॉर्म में होना जरूरी है और बाबर को पता है कि जबर्दस्त प्रदर्शन कर रही दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिए चमत्कार से कम पर गुजारा नहीं होगा।

फार्म में दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका को भले ही धर्मशाला में नीदरलैंड ने हरा दिया था लेकिन दोनों टीमों के बीच जमीन आसमान का अंतर है। क्विंटोन डिकॉक और हेनरिच क्लासेन ने बल्लेबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन किया है जिनका एडेन मार्कराम ने बखूबी साथ निभाया है। वहीं पाकिस्तान के नामी गिरामी बल्लेबाज नाकाम साबित हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने अब तक 155 चौके और 59 छक्के मारे हैं जबकि पाकिस्तान पांच मैचों में 24 छक्के और 136 चौके ही लगा सका है। दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक, क्लासेन, मार्कराम, डेविड मिलर और मार्को जानसेन का स्ट्राइक रेट 100 से ऊपर रहा है जबकि पाकिस्तानी टीम में सिर्फ सउद शकील और इफ्तिखार अहमद का स्ट्राइक रेट सौ के करीब रहा है।

विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला में टीम के प्रभारी हो सकते हैं लक्ष्मण

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम के प्रभारी हो सकते हैं। यह श्रृंखला विश्व कप समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर शुरू होगी। विश्व कप के साथ मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का अनुबंध भी खत्म हो जाएगा और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पास विकल्प होगा कि वह इस पूर्व भारतीय कप्तान से पुनः आवेदन का आग्रह करे क्योंकि बीसीसीआई को नियमों के अनुसार इस पद के लिए पुनः आवेदन मंगवाने होंगे। यह देखना रोचक होगा कि 51 वर्षीय द्रविड राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में बरकरार रहना चाहते हैं या नहीं क्योंकि इसके तहत काफी यात्रा करनी होती है और लगातार दबाव रहता है। संभावना है कि आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स जैसी टीमों को कोचिंग दे चुके द्रविड़ इस टी20 लीग में वापसी कर सकते हैं जिसमें अब 10 टीम खेलती हैं। लेकिन पूरी संभावना है कि विश्व कप के दौरान देश में 10 हजार किमी से अधिक की यात्रा के बाद द्रविड़ के साथ सूर्यकुमार यादव के अलावा पूरी टीम को आराम दिया जा सकता है। बीसीसीआई के सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, राहुल ने जब भी ब्रेक लिया है तो वीवीएस लक्ष्मण हमेशा प्रभारी रहे हैं और विश्व कप के तुरंत बाद होने वाली इस श्रृंखला में भी ऐसा ही जारी रहने कीउम्मीद है। अगर नए कोच के लिए आवेदन मंगवाए जाते हैं तो लक्ष्मण काफी मजबूत दावेदार होंगे क्योंकि बीसीसीआई ने एक प्रक्रिया तैयार की है जहां एनसीए के प्रभारी और सारी व्यवस्था की जानकारी रखने वाले व्यक्ति को भूमिका के लिए तैयार किया जाता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 टीम में अधिकतर उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा जो वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला के अलावा एशियाई खेलों की टीम का हिस्सा थे।

ऑस्टियोपोरोसिस
कारण, बचाव, और प्रबंधन

लखनऊ । ऑस्टियोपोरोसिस एक ऐसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो हड्डियों की कमजोरी का कारण बनती है और यह आपके शरीर के सामान्य कार्यों को प्रभावित कर सकती है। यह बीमारी आपकी हड्डियों को कमजोर और आपको अधिक चोट आने के लिए संकेत देती है। ऑस्टियोपोरोसिस के कई कारण हो सकते है, जिनमें यह मुख्य होते है: यह बीमारी आमतौर पर बढ़ती आयु के साथ होती है, और ज्यादातर 50 वर्षीय होने के बाद आपके शरीर के हड्डियों की कमजोरी के कारण होती है।

कैल्शियम और विटामिन डी की कमी

यदि आपके आहार में कैल्शियम और विटामिन डी की कमी है, तो आपकी हड्डियाँ कमजोर हो सकती है।

डॉ. ऋषभ जायसवाल
आर्थोपेडिक सर्जन, सहारा हॉस्पिटल

सही आहार : कैल्शियम और विटामिन डी की भरपूर मात्रा में लेना आवश्यक है, और धूम्रपान और अधिक अल्कोहोल से बचना चाहिए।



थाइरॉइड की समस्या : थाइरॉइड के असंतुलन या अधिक काम करने की स्थिति भी ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बन सकती है।

गंभीर बीमारियां

कुछ गंभीर बीमारियाँ, जैसे कि डायबिटीज और रेखांकन संबंधित बीमारियाँ भी ऑस्टियोपोरोसिस के कारण बन सकती है।

अल्कोहल और धूम्रपान

अधिक अल्कोहोल और धूम्रपान करने से भी ऑस्टियोपोरोसिस हो सकती है।

बचाव : ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं

नियमित व्यायाम : व्यायाम करना हड्डियों को मजबूत बनाता है और ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।

नियमित डेक्सा-स्कैन : वयस्कों को नियमित डेक्सा-स्कैन करवाना चाहिए, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस की पहचान और प्रबंधन संभव होता है।

ऑस्टियोपोरोसिस के प्रबंधन के लिए यह कदम उपयुक्त होते हैं:

दवाइयां : चिकित्सक की सलाह पर दिए गए दवाइयों का उपयोग करें।

आहार : कैल्शियम और विटामिन डी युक्त आहार का सेवन करें। नियमित व्यायाम करें।

सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार श्री अनिल विक्रम सिंह जी ने बताया कि हमारे माननीय अभिभावक सहाराश्री जी ने विश्व स्तरीय सहारा हॉस्पिटल का निर्माण करवाया है जहां 50 से अधिक विभाग अपनी सेवाएं दे रहे है। सहारा हॉस्पिटल का हड्डी रोग विभाग कुशल व अनुभवी चिकित्सकों से व अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है जो निरंतर मरीजों को लाभान्वित कर रहा है। श्री सिंह ने कहा कि बचाव में ही सावधानी है। इसी उद्देश्य से सहारा हॉस्पिटल विभिन्न माध्यमों से जनमानस को जागरूक करता रहता है।

जेल के अनुभवों को फिर से जीना चाहता था
- राज कुंद्रा

नई दिल्ली आईएएनएस)। अश्लील कंटेंट बनाने को लेकर विवादों में घिरे व्यवसायी राज कुंद्रा अपनी फिल्म 'यूटी 69' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राज कुंद्रा ने बताया कि कैसे वह जेल में अपने दिनों के पूरे अनुभव को फिर से जीना चाहते थे। फिल्म का ट्रेलर कुंद्रा के जीवन पर एक परिप्रेक्ष्य पेश करता है, जिसमें मुकदमे के दौरान मुंबई की आर्थर रोड जेल में बिताए गए 63 दिनों पर प्रकाश डाला गया है। यह फिल्म, एक मजाकिया डार्क कॉमेडी है, जो जेल में राज के सामने आई कठिनाइयों, चुनौतियों और अप्रत्याशित दोस्ती को शानदार ढंग से दर्शाती है। राज ने फिल्म की शूटिंग, विवाद और अपने अभिनय की शुरुआत के दौरान

उन पर पड़ने वाले असर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं इसे फिर से जीना चाहता था, क्योंकि मैं इस पर विराम चाहता था। मुझे इस विवाद का अंत नहीं मिल रहा था।

जब मैं बाहर आया तो मैं परेशान था, चिंतित था, मुझे कुछ भी अच्छा नहीं लग रहा था। उन्होंने कहा, मैं एक किताब लिखने जा रहा था और चाहता था कि दुनिया देखे कि मैं किस दौर से गुजरा हूं, मगर निर्देशक शाहनवाज अली सर ने सोचा कि आप जिस दौर से गुजरे हैं उसे पढ़ने से बेहतर है कि लोग देखें कि आप किस दौर से गुजरे हैं। देखने में यह हमेशा बेहतर होता है। यह इंस्टाग्राम बनाम ट्विटर जैसा है। लोग इंस्टाग्राम को पसंद करते हैं क्योंकि मुझे लगता है कि तस्वीरें और वीडियो बेहतर बिकते हैं। उन्होंने आगे साझा किया, जब हमने यह फिल्म बनाई, तो मैंने सोचा कि कहीं न कहीं यह मामला बंद हो जाएगा। लेकिन मुझे लगता है कि कहानी सामने आने के बाद शायद इससे कुछ अच्छा निकलेगा, इससे मुझे कुछ मदद मिलेगी। मैं नहीं जानता कि क्या होगा, लेकिन बहुत कुछ है हो सकता है।

उन्होंने विवादों को पर्दे पर कैसे ढाला के सवाल पर राज ने कहा, हम विवाद के बारे में बात नहीं करते। हम आर्थर रोड जेल के अंदर के समय के बारे में बात करते हैं। लाल गेट में प्रवेश करने से लेकर बाहर निकलने तक 63 दिन अंदर हमने दुनिया की सबसे भीड़भाड़ वाली जेलों में से एक में सबसे कठिन परिस्थितियों में कैसे समय बिताया, यही कहानी है।

कंगना रनौत ने 'तेजस' रिलीज होने से पहले अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन किए

अयोध्या (भाषा)। अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आगामी फिल्म 'तेजस' की रिलीज से पहले बृहस्पतिवार को अयोध्या स्थित राम मंदिर के दर्शन किए और कहा कि यह मंदिर 'हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा पवित्र तीर्थ स्थल' बनेगा। अभिनेत्री ने कहा कि इस मंदिर की 'तेजस' में अहम भूमिका है। यह फिल्म शुक्रवार को रिलीज होगी। फिल्म में रनौत भारतीय वायुसेना की पायलट की भूमिका निभा रही हैं। 'तेजस' के निर्देशक एवं लेखक सर्वेश मेवाड़ा हैं।

रनौत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि ईसाइयों के लिए वेटिकन सिटी का जो महत्व है, वैसे ही अयोध्या का राम मंदिर हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा पवित्र तीर्थ स्थान बनेगा। हम इसे इतना भव्य मंदिर बनते देखेंगे, जिसकी कामना हिंदू सदियों से करते रहे हैं। यह हमारे देश का भव्य प्रतीक और विश्व में सनातन संस्कृति की सुन्दर कड़ी बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारी फिल्म 'तेजस' में भी इस मंदिर की अहम भूमिका है। यह फिल्म भारतीय वायुसेना पर आधारित है और हम (इसके रिलीज होने से पहले आशीर्वाद लेने) यहां आए हैं।रनौत (36) ने मंदिर में दर्शन की अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर भी साझा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण बुधवार को स्वीकार किया। यह समारोह 22 जनवरी को होने की उम्मीद है।

डांसिंग मेरे सच्चे जुनून में से एक
कैटरीना कैफ

मुंबई (आईएएनएस)। 'टाइगर 3' के गाने 'लेके प्रभु का नाम' को मिल रही प्रतिक्रिया से अभिनेत्री कैटरीना कैफ बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि डांस उनके सच्चे जुनून में से एक है और वह इसे एक प्रशंसा के रूप में लेती हैं। अभिनेत्री ने कहा कि गाने और डांस संस्कृति का हिस्सा हैं। इस ट्रैक को प्रीतम ने संगीतबद्ध किया है, जिसे अरिजीत सिंह और निखिता गांधी ने गाया है। तमिल और तेलुगु संस्करण को बेनी दयाल और अनुषा मणि ने गाया है। कैटरीना ने कहा, एक कलाकार के रूप में इतने वर्षों तक, एक चीज जिसने मुझे आगे बढ़ाया है वह है मेरे प्रशंसकों, मीडिया और दर्शकों का प्यार। सफलता का असली पैमाना उस प्यार में है जो व्यक्ति को लोगों से स्वाभाविक रूप से मिलता है। '

लेके प्रभु का नाम' हम सभी के लिए एक अद्भुत एहसास है। अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए डांस करना मेरे सच्चे जुनूनों में से एक है और दर्शकों का प्यार देखना पूरी तरह से खुशी की बात है। कैटरीना को लगता है कि लोगों को कलाकारों से बहुत उम्मीदें होती हैं कि वे न केवल अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन करें बल्कि उन्हें संजोने और डांस करने के लिए बेहतरीन गाने भी दें। उन्होंने कहा, एक फिल्म, एक अभिनय प्रदर्शन, एक गीत इन सभी को सफल बनाने के लिए दर्शकों से जुड़ना होगा और मैं आभारी हूं कि मैंने अपने पूरे करियर में ऐसा पाया है। मैं जानती हूं कि फिल्म में प्रदर्शन के साथ-साथ लोग हमारे गाने देखने के लिए भी उत्साहित रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं इसे एक बड़ी प्रशंसा के रूप में लेती हूं क्योंकि गाने और डांस हमारी संस्कृति और हमारी फिल्मों का हिस्सा हैं और हमेशा से यह पसंद किए जाते रहे हैं। मैं हमारे गानों से लोगों की अपेक्षाओं से वाकिफ हूं और यह मुझे हर बार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की 'टाइगर 3' का निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है और इसका निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।

मुझे थोड़ी नींद चाहिए

पर्थ (द कन्वरसेशन) । क्या आपको सोने में कठिनाई होती है? क्या आप रात में देर तक जागते हैं? क्या नींद की ये समस्याएँ आपको दिन भर थकान, अकड़न या थका हुआ महसूस कराती हैं? क्या ऐसा महीनों से हो रहा है? यदि हां, तो आप अकेले नहीं हैं. लगभग 12-15 फीसद ऑस्ट्रेलियाई वयस्कों को अनिद्रा की पुरानी बीमारी है। आपने श्वसन व्यायाम, शांत संगीत, अंधेरे और शांत बेडरूम में बिस्तर पर जाना, शाम को अलग-अलग खाद्य पदार्थ खाना, नियमित नींद का पैटर्न बनाए रखना या कैफीन को कम करने की कोशिश की होगी। लेकिन तीन चार हफ्ते तो लगता है कि सुधार हो रहा है, लेकिन उसके बाद, आपकी अनिद्रा वापस आ जाती है। तो फिर अब क्या किया जाए?

कुछ नहीं करना है : बिस्तर पर अधिक समय बिताने से अक्सर बिस्तर पर जागते हुए अधिक समय बिताना पड़ता है, जो अनिद्रा के पैटर्न को बदतर बना सकता है । कॉफी पीने और झपकी लेने से आपको दिन गुजारने में मदद मिल सकती है।

कौन से उपचार वास्तव में कारगर हो सकते हैं?

लेकिन कैफीन हमारे शरीर में कई घंटों तक रहता है, और अगर आप इसका बहुत अधिक सेवन करते हैं, खासकर दोपहर 2 बजे के बाद, तो यह हमारी नींद में खलल डाल सकता है। यदि झपकी 30 मिनट से अधिक समय तक रहती है, या लगभग 4 बजे के बाद आती है, तो यह आपकी कुल नींद को कम कर सकती है, और सोना अधिक कठिन बना सकती है । शराब पीने से आपको जल्दी नींद आने में मदद मिल सकती है, लेकिन इससे नींद बार-बार खुल सकती है, आप कितनी देर तक सोते हैं उसे बदल सकती है, नींद के विभिन्न 'चरणों' में बिताए गए समय को बदल सकती है और नींद की समग्र गुणवत्ता को कम कर सकती है। इसलिए, इसे नींद की सहायता के रूप में अनुशंसित नहीं किया जाता है।

आगे क्या करना है?

यदि आपके लक्षण एक या दो महीने से अधिक समय तक बने रहते हैं, तो संभव है कि आपको अनिद्रा से निपटने के लिए लक्षित उपचार की आवश्यकता हो, जो नींद के पैटर्न और व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करते हैं। तो, अगला चरण एक प्रकार की गैर-दवा चिकित्सा है जिसे अनिद्रा के लिए संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी (या संक्षेप में सीबीटीआई) के रूप में जाना जाता है। यह चार से आठ सप्ताह का उपचार है जिसे नींद की गोलियों की तुलना में अधिक प्रभावी दिखाया गया है। इसमें नींद के बारे में शिक्षा शामिल है, और मनोवैज्ञानिक तथा व्यवहारिक उपचार प्रदान किया जाता है जो दीर्घकालिक अनिद्रा के अंतर्निहित कारणों का समाधान करता है। कुछ डाक्टर सीबीटीआई की पेशकश करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं, लेकिन विशेषज्ञ नींद मनोवैज्ञानिकों द्वारा ऐसा करना अधिक सामान्य है। इसके लिए आपका डाक्टर आपको किसी के पास भेज सकता है।

यदि वह काम न करे तो क्या होगा?

यदि सीबीटीआई आपके लिए काम नहीं करता है, तो आपका डॉक्टर यह देखने के लिए आपको एक विशेषज्ञ नींद डॉक्टर के पास भेज सकता है कि क्या अन्य नींद संबंधी विकार, जैसे ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया, आपकी अनिद्रा के रोग में योगदान दे रहे हैं। अवसाद और चिंता जैसी किसी भी मानसिक स्वास्थ्य समस्या के साथ-साथ दर्द जैसे शारीरिक लक्षणों का प्रबंधन करना भी महत्वपूर्ण हो सकता है जो नींद में बाधा डाल सकते हैं।

'जियो मामी मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में शिरकत करेंगी
प्रियंका चोपड़ा

मुंबई (भाषा)। अभिनेत्री-निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस शुक्रवार से शुरू हो रहे जियो मामी मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शिरकत करने के लिए भारत आ रही हैं। लॉस एंजिलिस में रह रही प्रियंका फिल्म महोत्सव के वर्तमान संस्करण की अध्यक्ष हैं और उन्होंने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर भारत यात्रा की जानकारी साझा की। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भारतीय पासपोर्ट और बोर्डिंग पास की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि मुंबई पहुंचने के लिए बेसब्र हूं, और इंतजार नहीं हो रहा । महोत्सव की शुरुआत हंसल मेहता के निर्देशन में बनी करीना कपूर की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' से होगी। जियो मामी मुंबई फिल्म महोत्सव का तीन वर्ष के अंतराल के बाद उसके पुराने स्वरूप में आयोजन हो रहा है जिसका समापन पांच नवंबर को होगा। महोत्सव में यहां दक्षिण एशिया की समकालीन फिल्मों तथा नए कलाकारों पर विशेष ध्यान देने वाली 250 से अधिक फिल्मों को प्रदर्शित किया जाएगा।

भगवान की सगुन लीलाओं में तर्क का कोई स्थान नहीं : शांतनु

बीआरपी मैदान पर श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रखर जौनपुर। आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि इस धरा धाम पर जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते है तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तो को उनके संताप से मुक्त करते है। उन्होंने कहा कि भगवान की सगुन लीलाओं को भक्ति व विश्वास से सुनना चाहिए इसमे तर्क का कोई स्थान नही है।यह बात रामचरित मानस के खायतिलब्ध कथाकार शांतनु महराज ने सेवा भारती द्वारा स्थानीय बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान पर बने भव्य पांडाल में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन उपस्थित रामभक्तो को मानस कथा का रसपान कराते हुए अपने प्रवचन के दौरान कही। शांतनु महराज ने शिव विवाह की चर्चा करते हुए भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा के क्रम में प्रभु के जन्म के अनेक प्रसंगों को सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तो से कहते है कि जो भक्त श्रद्धा भक्ति से सब कुछ त्याग कर उनका भजन करते है प्रभु उनकी रक्षा उसी प्रकार करते है जैसे माँ अपने बच्चे की रक्षा करती है।मनु एवं शतरूपा के प्रसंग को सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि मनु महाराज ने जीवन के अंतिम समय मे सब कुछ त्याग कर हरि भजन का मार्ग चुना। हम सब का भी यही दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए भगवान के भजन में मन लगाए।

देवताओ की करुण पुकार को सुनकर भगवान ने सबको आश्वासन दिया कि मैं अब नर रूप में धरती पर अवतरित होने वाला हू। सभी देवता प्रभु की जय जयकार करने लगे।सम्पूर्ण अयोध्यावासी भगवान की आराधना कर रहे है और गोस्वामी जी ने भगवान के जन्म की तिथि घोषित कर दी। पूरे अयोध्या में बधाईया बजने लगी दसरथ जी मगन होकर प्रजाजनों को न्योछावर करने लगे। जयश्रीराम के उद्घोष से पंडाल में उपस्थित रामभक्त झूम उठे। पांडाल में आतिशबाजी हुई। रामजनमोत्सव सोहर गाकर मनाया गया।क्या पुरुष क्या नारी सभी रामधुन पर थिरकते नजर आए। देखते ही पूरा वातावरण राममय हो गया। मुख्य रूप से गिरीश चंद्र यादव खेल मंत्री स्वतंत्र प्रभार रमेशचंद्र मिश्र विधायक राजदेव सिंह बृजेश सिंह शैलेश पांडेय प्रिंसू रजनीकांत मिश्र संदीप सिंह संजय पांडेय गणेश ममता सिंह डा सुभाष सिंह डा उमेश तिवारी जितेंद्र यादव गुलाबचंद सरोज पंकज जायसवाल रामसिंह मौर्य सहित दर्जनों उपस्थित रहे।

एसपी के द्वारा साप्ताहिक शुक्रवार परेड का किया गया निरीक्षण तथा सम्बन्धित को दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी तथा कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई । महोदय द्वारा परेड के उपरान्त पुलिस मेस, डायल-112 के वाहनों व उनके उपकरणों आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जनपद के समस्थ थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत जनपद मुख्यालय पर एकत्रित अमृत कलश को लखनऊ के लिए डीएम के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम कें अन्तर्गत जनपद के समस्त विकास खण्डों ,नगर पालिका तथा नगर पंचायतों से एकत्रित घर-घर की मिट्टी एवं अक्षत से भरे अमृत कलश को लखनऊ ले जाने वाले वाहन को विकास भवन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत मिट्टी को नमन, बीरों एवं बीरंगनाओं का वन्दन एवं सम्मान देने के लिए जनपद के हर गॉव एवं घर की मिट्टी एवं अक्षत को सभी विकास खण्डों, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों से अमृत कलश को देश प्रेम की भावना के साथ जनपद स्तर पर

आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान लाया गया। जिसे आज जिलाधिकारी द्वारा अमृत कलश को प्रदेश मुख्यालय लखनऊ ले जाने के दृष्टिगत वालेन्टियर के वाहन को सम्मान पूर्वक हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर मा0 सांसद प्रतिनिधि आनन्द त्रिपाठी, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, जिला युवा कल्याण अधिकारी अरूण पाण्डेय, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

एक्ट्रेस सनी लियोनी के साथ ठुमके लगायेंगे पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह!

प्रखर डेस्क/जौनपुर। पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह फिर सुर्खियों में आ गए हैं। बता दें कि पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह की फोटो इन दिनों सोशल मीडिया पर सनी लियोनी के साथ वायरल हो रही है। अब वायरल

होने का कारण यह है कि उन्होंने एक रैप गाना गया है जिसमें सनी लियोन उनके साथ डांस करती नजर आ रही हैं। बतादे की गुजरात चुनाव के दौरान फोटो खिंचाने के चक्कर में सस्पेंड हो गए थे। और बाद में IAS की नौकरी ही छोड़ दी। एक्टिंग का शौक रखने वाले पूर्व IAS अभिषेक सिंह पूरी गंभीरता के साथ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर फोकस कर रहे हैं। एक वीडियो में अभिषेक सिंह एक्ट्रेस सनी लियोनी के साथ नजर आए है। खबर ये है कि पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह जल्द ही बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी के साथ नजर आएंगे। उन्होंने सनी के साथ एक रैप सॉन्ग शूट किया है. अभिषेक ने इस रैप सॉन्ग को खुद गाया भी है. उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है. गाने के बारे में X पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सनी लियोनी ने उनके गाने में ग्लैमर का तड़का लगाया है. आईएएस रहते समय अभिषेक सिंह को गुजरात चुनाव में आब्जर्वर की ड्यूटी दी गई थी. तब उन्होंने सरकारी गाड़ी के आगे फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी थी, जिसके बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था. आजतक की रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद सरकार ने उन्हें राजस्व परिषद में अटैच कर दिया. लेकिन फिर उन्होंने अपनी नौकरी से ही इस्तीफा दे दे दिया. अभिषेक की पत्नी दुर्गा शक्ति नागपाल भी आईएएस अधिकारी हैं.अभिषेक सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं. उनके 50 लाख से भी ज़्यादा फॉलोअर्स हैं. अभिषेक 'दिल तोड़ के' गाने की वजह से रातोंरात पॉपुलर हो गए थे. इसके बाद वो जुबिन नौटियाल के गाने 'तुझे भूलना तो चाहा' में दिखे थे. उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज दिल्ली क्राइम के सीजन-2 में भी काम किया है।

डीएम साहब! सांढ़ के हमले से एक और वृद्ध की मौत

इलाके में दो मौत से लोग सहमे, सोंधी के बीडीओ छुट्टा पशुओं को शेल्टर होम भेजने से खड़े किए हाथ

खेतासराय (जौनपुर)। क्षेत्र में एक बार फिर एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सरकारी दावो की पोल खोल के रख दी है. लोगों के जान जाए तो जाए लेकिन अधिकारियों हैं कि एसी रूम में बैठ कर सिर्फ कागज मेंटेन कर रहे हैं. हम बात कर रहे हैं आवारा पशुओं की, जौनपुर जनपद के खेतासराय क्षेत्र में आवारा पशु का ऐसा आतंक है कि दो लोग आवारा पशु का शिकार होकर काल के गाल में समा चुके हैं तो वहीं एक दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल भी हो चुके हैं। गुरुवार की अपराह्न तीन बजे पोरईखुर्द में एक वृद्ध की सांढ़ के हमले से मौके पर ही मौत हो गई । अलग- अलग गांव में आवारा पशु के हमले से हुई दो मौत से लोग सहम गए । वृद्धि की मौत से घर मे कोहराम मच गया । खबर मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण पहुँच गए ।

छद्दू राजभर 75 वर्ष पुत्र नीन्हक अपने घर से बाहर निकल रहे थे। तभी बांस की खूंटी के पास

खड़े छुट्टा पशु ने अचानक हमला बोल दिया । जब तक लोग पहुँचते सांढ़ ने हमला कर निकल गया । मौके पर ही वृद्धि ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घर मे कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान कृपा शंकर राजभर ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है । शुक्रवार को पीएम के बाद परिजन अंतिम संस्कार करेंगे । हादसे के लोग काफी आक्रोशित है । छुट्टा पशुओं को आश्रय स्थल भेजने को लेकर बीडीओ जितेंद सिंह ने पहले ही हाथ खड़े कर लिए है उनका तर्क है कि विकास खण्ड के चारों शेल्टर होम में क्षमता से अधिक जानवर रखे गए है, अब जगह शेष नही है । अब सवाल उठता है कि प्रशासन अब कितनी मौत का इंतजार कर रहा है ? इस से पूर्व अब्बोपुर निवासी राजवंती 80 वर्ष की सांड़ के हमले से डेढ़ सप्ताह बाद उपचार के दौरान मौत हो गई थी ।

मुख्यमंत्री के आदेश का अधिकारियों पर नहीं दिख रहा है असर- खेतसराय। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ प्रदेश की जनता को आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाने के लिए लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं और हर जिले के आंकड़ों की सप्ताहित समीक्षा खुद कर रहे है. कमी मिलने पर अधिकारियो की जमकर क्लास भी ले रहे हैं. बावजूद इसके जिम्मेदारों के ऊपर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है और न ही आम जनता को आवारा पशुओं से निजाद मिल सका है. जिसके कारण आए दिन आवारा पशुओं के हमले से किसानों और राहगीरों की मौत भी हो रही है।

फुलवरिया गांव की बेमिसाल और हिन्दू-मुस्लिम एकता की प्रतीक नवचेतना रामलीला समिति का विजयादशमी का मेला संपन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। धर्म की नगरी काशी में जहां माता का विसर्जन हो रहा है वहीं ग्रामीण अंचलों मे विजयादशमी का पर्व मनाया जा रहा है इसी क्रम में साल 1992 से हो रही फुलवरिया गांव की बेमिसाल और हिन्दू-मुस्लिम एकता की प्रतिक नवचेतना रामलीला समिति का विजयादशमी का मेला संपन्न हुआ इस रावण दहन के पहले राम और रावण का भयानक युद्ध हुआ जिसमें रावण के अअटटहास से पूरा मेला स्थल गूंज उठा` आधे घंटे चले युद्ध के बाद श्रीराम ने रावण की नाभि में भाई विभीषण के बताने पर तीर मारकर उसका अमृत कलश सूखा दिया जिसके बाद पल भर में ही रावण जमीन में गिर गया जिसके बाद रावण ने राम से क्षमा मांगी और उनसे उद्धार करने को कहा और मरणासन्न हो गया इस दौरान पूरा मेला स्थल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

मुस्लिम अध्यक्ष ने रखी थी आधारशिला, अब मुस्लिम बनते हैं पात्र - नव चेतना एवं विकास समिति की इस रामलीला के मौजूदा अध्यक्ष डॉ शिवकुमार गुप्ता ने बताया कि मै इसका संस्थापक हूं और हमारे पहले अध्यक्ष और

संस्थापक निजामुद्दीन जी थी जिनके देहांत के बाद उनेक लड़के अब इसमें मंचन कर रहे हैं इसके अलावा यहां का रावण भी मुस्लिम बंधू ही बनाते हैं निजामुद्दीन जी का देहांत हुआ उसके बाद ही हम लोगों ने अपना अध्यक्ष बनाया है उन्होंने कहा कि हम सभी को मुस्लिम-हिन्दू एक साथ होकर चलना होगा तभी समाज का उत्थान और देश का उत्थान होगा।

रावण के पुतले से लेकर राक्षसी सेना में मुस्लिमों का योगदान - निजामुद्दीन हाशमी के पोते आतिफ हाशमी ने बताया कि पहले हमारे दादा इस रामलीला के अध्यक्ष थे उनके इन्तेकाल के बाद हम लोग भी इस रामलीला के आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं कभी जामवत तो कभी अंगद या राक्षसी सेना में कोई पात्र आदि हम लोग हर वर्ष ही निभाते हैं सभी पवित्रता के साथ यहां लीला का मंचन करते हैं और श्रीराम से आशीर्वाद लेते हैं।

रावण का पुतला जलाने में हुई दिक्कत, मची अफरा-तफरी - इस दौरान वरुणा नदी के किनारे सुबह से खड़ा किया गया रावण ओस की वजह से जलने में मुश्किलें पैदा करने लगा तो उसे मिट्टी का तेल छिड़ककर जलाया जाने लगा रस्सी जलते ही वह पब्लिक की तरफ गिरा पर रस्सी लगी होने की वजह से बड़ा हादसा होने से टल गया पर कुछ ही देर के बाद पटाखे की चिंगारी पब्लिक पर गिरी जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा` अपना पूरा समय इस श्री रामलीला मे देते हैं श्री रामलीला समिति के संस्थापक डॉ एस० के० गुप्ता , अध्यक्ष हेमंत सिंह, उपाध्यक्ष सचाऊ यादव (पूर्व ग्राम प्रधान) ,पार्वती कनौजिया पूर्व पार्षद प्रत्याशी, रामाश्रय पाल (पूर्व ग्राम प्रधान) सुशील विश्वकर्मा प्रतिनिधि (क्षेत्र पंचायत सदस्य) महामंत्री विजय प्रसाद गौड, कोषाध्यक्ष शशिकांत सिंह, सचिव संदीप मौर्य, डा० शिवम कुशवाहा ,डॉ रोहित सिंह ,बबल यादव, टोनी, पिंटू यादव, सुनील गौड़, मनोज कुमार, समिति के सभी कार्यकताओं द्वारा मिलकर इतने बड़े मेले का आयोजन किया गया।

लक्ष्मण ने काटी सूर्पनखा की नाक, राम से युद्ध के लिए निकल पड़े खर और दूषण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सन् 1933 में स्थापित श्री दारानगर रामलीला कमेटी द्वारा संचालित सुप्रसिद्ध नक्कटैया गुरुवार की अर्धरात्रि उल्लास पूर्ण ढंग से संपन्न हो गई नक्कटैया का जुलूस परंपरागत तरीके से नीचीबाग स्थित नगर महापालिका कटरा से उठकर मैदागिन, वृत्तकाल, दारानगर, डीएवी रोड, लोहटिया, मैदागिन, दारानगर तिराहा, महामृत्युंजय, हंसतीर्थ होते हुए गुड़हट्टा नंबर दो तक गई जहां खरदूषण युद्ध एवं वध तथा सीताहरण लीला का प्रसंग हुआ` जुलूस के आगे तासा, गाजे व बाजे के साथ सूर्पनखा एवं उसके पश्चात खर एवं दूषण के पुतले के साथ ही हाथी, घोड़े, ऊंट का झुंड फिर तलवार भांजती हुई माता काली माता, माता दुर्गा के विविध चेहरे और साथ में बैंड बाजा तथा शहनाई आदि के कई समूह चल रहे थे। शोभायात्रा में करीब 51 लाग - विमान व स्वांग शामिल थे साथ ही श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़ी तमाम झांकियों के साथ काली तांडव, ताड़का वध, महिषासुर मर्दिनी के प्रदर्शन की चौकी का लोगों ने सराहना की। संपूर्ण नक्कटैया क्षेत्र विद्युत झालरों तथा ट्यूबलाईटों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था आकर्षक सजावट लाग, विमान व स्वांग आदि को देखने के लिए रात भर लोगों की क्षेत्र में भारी भीड़ जुटी हुई थी साथ ही चौक, कोतवाली तथा जैतपुरा थाना क्षेत्र से संबंधित पुलिस प्रशासन भी मुस्तादी से तैनात थी। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष डॉ राम अवतार पांडेय, श्याम किशोर श्रीवास्तव, कुंवर नेता धर्मेंद्र सिंह मेदर, रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, रमेश अग्रवाल, किशोर सेठ, गौरव जायसवाल, अभिषेक विश्वकर्मा मंटू , किशन दीक्षित, संतोष सैनी, मनोज सिंह, टिंकू अरोड़ा, ओमप्रकाश पाठक, रामायणी अनिल विश्वकर्मा , विजय विश्वकर्मा, गोपाल यादव आदि भी साथ चल रहे थे।

संक्षिप्त खबरें

एसपी ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण

प्रखर जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा पुलिस लाइन जौनपुर परेड ग्राउंड पर शुक्रवार के परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए ड्रिल कराया गया। परेड के उपरान्त विभिन्न शाखाओं शस्त्रागार, जीपी स्टोर, पुलिस अस्पताल, कैन्टीन, पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर साफ सफाई इत्यादि का निरीक्षण किया गया। आदेश कक्ष में कर्मचारियों का ओ.आर. किया गया तथा अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

स्कूलों की समस्याओं के समाधान हेतु संयुक्त रूप से करेंगे प्रयास : अमित पाण्डेय

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शीतला जूनियर हाईस्कूल शैलपुत्री में वित्तविहीन प्राइमरी एवं जूनियर स्कूल एकता संघ एवं स्कूल कल्याण एसोसिएशन की संयुक्त बैठक संपन्न हुई` बैठक में मान्यता प्राप्त स्कूलों की प्रमुख समस्याओं को लेकर जिसमे आरटीई के शुल्क प्रतिपूर्ति की अवशेष बकाया धनराशि आवंटित किए जाने हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ,प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा को दोनो संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से पत्र लिखकर अवशेष बकाया धनराशि की मांग की गई साथ ही आरटीई डिमांड की पत्रावली अब तक जमा न कर पाने वाले अवशेष विद्यालयों को पत्रावली जमा करने हेतु नई तिथि जारी करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी महोदय से निवेदन किया गया इसके अतिरिक्त उपस्थित सभी विद्यालय के प्रबंधकों ने एक स्वर में सरकार से मांग किया कि नवीन मान्यताओं के संदर्भ में जो शासनादेश जारी किया गया है वह पूर्णतया अब्यवहारिक है मान्यता शर्तों के अनुसार विद्यालय भवन 30 फुट के रास्ते पर होना तय किया गया है जो पूर्णतया गलत है किसी भी गांव की और शहर की कोई भी सड़क राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार 30 फुट की नहीं होती जिसको ध्यान में रखते हुए उपरोक्त शासनादेश भूमि व रास्ते के मानक के अनुसार सही नहीं होने के कारण तत्काल शसोधन किया जाए यह नितांत आवश्यक है` उपरोक्त बैठक में अध्यक्ष अजय शर्मा ,अध्यक्ष अमित पाण्डेय उर्फ रिंकू संरक्षक प्रदीप जायसवाल, महामंत्री जैनेन्द्र मौर्य, डा विजय मौर्य , गुलाली यादव, संजय केसरी, लालचंद यादव, अजीत कुमार यादव, सुनील विश्वकर्मा, अभिषेक पटेल, हरविंदर, अश्वनी उपाध्याय, पुनीत पाण्डेय, गयादीन मौर्य, अमित श्रीवास्तव, विजय कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार पटेल , प्रवीण कुमार , पंकज कुमार चौबे , मदन श्रीवास्तव , महामंत्री सुनील कुमार सोनकर , शीतला जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक श्री जय श्रृंगार चौबे , प्रधानाध्यापिका संध्या चौबे ,वरुण पाण्डेय, प्रमोद मौर्य, श्याम बिहारी पटेल आदि सभी प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

तहसील स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी कबड्डी खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रखर सहजनवा,गोरखपुर। बाबा अमृत दास इंटर कॉलेज जोगिया पाली सहजनवा गोरखपुर के प्रांगण में तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह थे ।इन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए खेल अति आवश्यक है, खेल से शारीरिक ,मानसिक एंव बौद्धिक विकास होता है। विशिष्ट अतिथि वैदिक धर्म इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर मिश्र थे ,इन्होंने कहा कि पठन-पाठन के साथ खेल अति आवश्यक है, खेल से बच्चों में आपसी सद्भावना एवं अनुशासन जागृति होती है। इस खेल प्रतियोगिता में भोलाराम मस्करा इंटर कॉलेज सहजनवा ,मुरारी इंटर कॉलेज सहजनवा,जेपी मौर्य इंटर कॉलेज बिजैवा, वैदिक धर्म इंटर कॉलेज डुमरी निवास, इंटर कॉलेज खानिमपुर ,कैप्टन रामदास इंटर कॉलेज बनौली, बाबा राम अमृत दास इंटर कॉलेज जोगिया पाली, आदि विद्यालयों के बच्चों ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिए । इस कबड्डी प्रतियोगिता में मुरारी इंटर कॉलेज सहजनवा की टीम विजेता रही, वही वैदिक धर्म इंटर कॉलेज डुमरी निवास उपविजेता रही ।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने उपस्थित अतिथियों एवं सभी टीम और छात्र-छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आशुतोष कुमार शाही ,सिद्धार्थ शंकर मिश्रा ,शारीरिक शिक्षक जय गोविंद सिंह, हृदेश रावत, मनोज सिंह आदि तहसील के समस्त खेल शिक्षक और विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी खेल में अपना योगदान प्रदान किए।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं